दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 131 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025 | पौष माह, कृष्ण पक्ष द्वादशी, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# आतंकवाद के खिलाफ जॉर्डन की सोच भारत जैसी : मोदी

## किंग अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय बैठक की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से हुसैनिया पैलेस (महल) में मुलाकात की है। हुसैनिया पैलेस पहुंचने पर पीएम का औपचारिक स्वागत किया गया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की।

मोदी ने बैठक में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी है। उन्होंने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए किंग अब्दुल्ला का आभार जताया। साथ ही उन्होंने उर्वरक और डिजिटल तकनीक में सहयोग बढ़ाने की बात कही। किंग अब्दुल्ला ने पीएम के दौरे के दौरान हुए समझौतों और स्थ'ह्य पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। किंग अब्दुल्ला ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच दशकों पुरानी दोस्ती, आपसी सम्मान और सार्थक सहयोग को दिखाती है।

### मोदी के साथ एनएसए अजित डोभाल भी बैठक में शामिल हुए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा के दौरान किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के साथ हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी शामिल हुए। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।



### किंग अब्दुल्ला ने भारत से हुए समझौतों पर खुशी जताई

किंग अब्दुल्ला ने पीएम के दौरे के दौरान हुए समझौतों और स्थ'ह्य पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। किंग अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें कल होने वाले जॉर्डन-भारत बिजनेस फोरम से भी काफी उम्मीदें हैं। यह मंच दोनों देशों के कारोबारियों के बीच सीधा सहयोग, बिजनेस-टू-बिजनेस साझेदारी और अहम क्षेत्रों में संयुक्त निवेश की संभावनाओं पर चर्चा का मौका देगा। उन्होंने कहा कि यह फोरम ऐसे अहम समय पर हो रहा है, जब व्यापार बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाने की जरूरत है।



### किंग अब्दुल्ला बोले- भारत-जॉर्डन की दोस्ती दशकों पुरानी

बैठक में किंग अब्दुल्ला ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच दशकों पुरानी दोस्ती, आपसी सम्मान और सार्थक सहयोग को दिखाती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी है। अपने-अपने लोगों की समृद्धि को आगे बढ़ाने की साझा सोच भी है। किंग अब्दुल्ला ने बताया कि भारत-जॉर्डन का सहयोग बढ़ता गया है।

### पीएम ने 7 साल पहले किंग से हुई मुलाकात को याद किया

प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान किंग अब्दुल्ला से 2018 में हुई मुलाकात को याद किया। मोदी बोले- आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी और साफ है। उन्होंने कहा कि किंग अब्दुल्ला के नेतृत्व में जॉर्डन ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ के खिलाफ पूरी मानवता को एक मजबूत और रणनीतिक संदेश दिया है। मोदी ने कहा कि गाजा मुद्दे पर किंग अब्दुल्ला ने शुरू से ही बेहद सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाई है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम होगी।

## शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर नितिन नबीन को कुर्सी पर बैठाया

### बीजेपी मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष पर फूल बरसाए गए, जय श्रीराम के नारे लगे



बढ़ता राजस्थान

दिल्ली/पटना। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। अमित शाह और जेपी नड्डा नितिन नबीन के स्वागत के लिए बीजेपी मुख्यालय में पहले से मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

## ऑस्ट्रेलिया का हीरो अहमद- आतंकी साजिद से निहत्था भिड़ा

### राइफल छीनी, भाई से कहा- कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि लोगों को बचाते हुए मरा

बढ़ता राजस्थान

**सिडनी( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर जश्न मना रहे लोगों पर दो आतंकियों ने हमला किया। इस दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई।

अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपट्टा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया। इस हमले में एक आतंकी समेत 16 लोगों की मौत हुई है।

लोग अब अहमद को 'ऑस्ट्रेलिया का नया हीरो' कह रहे हैं। अहमद जब आतंकी साजिद से मुठभेड़ करने जा रहे थे, तब उनके भाई ने उन्हें रोका था। तब उन्होंने कहा था, अगर मुझे कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि मैं लोगों की जान बचाते हुए मारा गया।

अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी।

## मोहाली में कबड्डी खिलाड़ी की गोलियां मारकर हत्या

### फैंस बनकर आए हमलावर, बंबीहा गैंग बोला- सिद्धू मूसेवाला की हत्या का बदला लिया

बढ़ता राजस्थान

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली के सोहाना में सोमवार को चलते कबड्डी मैच के बीच में फायरिंग हो गई। बोलेरो सवार लोगों ने गोलियां चलाईं। इसमें कबड्डी टूर्नामेंट को प्रमोट कर रहे खिलाड़ी राणा बलाचौरिया के सिर में गोली लगी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। फोर्टिस अस्पताल ने बयान जारी कर कहा- शाम 6 बजकर 5 मिनट पर कबड्डी खिलाड़ी को अस्पताल लाया गया था, लेकिन उनकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

राणा बलाचौरिया की शादी 10 दिन पहले ही हुई थी। बताया जा रहा है कि हमलावर सेल्फी लेने के बहाने खिलाड़ी के पास आए थे। इसी दौरान फायरिंग कर दी। हमले की जिम्मेदारी बंबीहा गैंग ने ली है। कहा है कि इसने सिद्धू मूसेवाला के कातिलों का साथ दिया था। हमने उसकी हत्या का बदला लिया है। इस मैच में सिंगर मनकीरत औलख भी आने वाले थे, लेकिन उनके आने से करीब आधे घंटे पहले ही यह हमला हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इलाके में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी जा रही है।

## हनुमानगढ़ कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

### जिला कोर्ट परिसर भी खाली कराया; बम स्कॉड को मौके पर बुलाया, नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पूरे कलेक्ट्रेट को खाली करवाया गया है। बम स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया है। पूरे परिसर की तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ईमेल के जरिए यह धमकी मिली। कलेक्ट्रेट के पास ही स्थित जिला न्यायालय परिसर को भी एहतियातन खाली कराया गया है। कलेक्ट्रेट के सभी गेटों पर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी को भी भीतर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। बड़ी संख्या में दमकल की गाड़ियां भी कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच गई हैं। दरअसल सुबह करीब 10.30 बजे कार्यालयों में काम कर रहे कर्मचारियों को मुख्य बिल्डिंग से बाहर निकलने के लिए कहा गया।

## सीजेआई बोले- भगवान को भी चैन से सोने नहीं देते

### बांके बिहारी मंदिर में अमीरों की स्पेशल पूजा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, नोटिस थमाया

बढ़ता राजस्थान

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों को 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा- इससे भगवान के आराम के समय में भी बाधा पहुंचती है। यह टिप्पणी मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई।

बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी ने बढ़ा दिया है। 12 सितंबर को हुई मीटिंग में प्रतिदिन 2:30 घंटे समय बढ़ाने का निर्णय लिया था। इसके खिलाफ मंदिर के गोस्वामियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा- दर्शन के वक्त को नहीं बदला जा सकता। इसके चलते मंदिर से जुड़े विधि विधान का भी वक्त बदलता है। भगवान के आराम का अपना वक्त होता है। इसमें दखल नहीं दिया जा सकता।

सीजेआई ने कहा- भगवान के आराम के वक्त में उन्हें आराम कहां करने दिया जाता है। उस वक्त जब आम श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकते, प्रभावशाली लोग बड़ी रकम देकर पूजा कर पाते है। उन्हें पूजा करने की इजाजत होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली भी शामिल थे।



खंडपीठ ने बांके बिहारी मंदिर की दर्शन समय-सीमा में बदलाव और कुछ पारंपरिक धार्मिक प्रथाओं, खासकर देहरी पूजा को रोके जाने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रबंध समिति से जवाब मांगा है। यूपी सरकार को भी नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में होगी। अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर प्रशासन को एक हाई पावर कमेटी की निगरानी में दे दिया था।

### सेवायतों के वकील बोले- भगवान के जगने और सोने का समय तय

सेवायतों के वकील श्याम दीवान ने दर्शन के समय में बदलाव पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- याचिका पूजा के समय में बदलाव के संबंध में दायर की गई है। उन्होंने दलील दी कि पूजा का समय पवित्र है। इसका कड़ाई से पालन किया जाता है। पूजा के समय को केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं माना जा सकता है।

## मोदी तेरी कब्र खुदेगी नारे को लेकर संसद में हंगामा

### नड्डा बोले- राहुल-सोनिया माफी मांगे; प्रियंका बोलीं- रैली में किसने कहा, हमें नहीं मालूम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वां दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है। नड्डा ने कहा- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई थी, लेकिन शोर-शराबे के कारण 10 मिनट भी चर्चा नहीं हो पाई और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे फिर शुरू हुई। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा, जिसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक फिर से स्थगित कर दी गई।

### प्रियंका बोली- हमें नहीं मालूम कि किसने नारा लगाया

भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है। भाजपा को खुद नहीं पता की किसने नारेबाजी की।



### दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस समर्थकों ने नारे लगाए थे

पूरा विवाद दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए थे। नारे लगाने वालों में कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं। वे जयपुर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वोट में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। वे नारेबाजी के जरिए वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को दिखा रही थीं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में कहा कि एसआईआर पूरी तरह संवैधानिक है और इसे पहले भी कई बार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एसआईआर डॉ बीआर अंबेडकर के एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत पर आधारित है।

## भाजपा ने पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु और असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल को तमिलनाडु के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## कोहरे के कारण नहीं उतर सका मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर

### दिल्ली से 6 विमान डायवर्ट हुए, जयपुर से गई फ्लाइट भी वापस लौटीं



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार सुबह कोहरे का असर हवाई सफर पर भी पड़ा। सीएम भजनलाल का हेलिकॉप्टर डीग के पेठा में नहीं उतर पाया। वहीं, दिल्ली से 6 फ्लाइट डायवर्ट की गईं।

दरअसल, सीएम भजनलाल अपने जन्मदिन के मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल परिवार (पत्नी और बेटे) के साथ भरतपुर-मथुरा बॉर्डर पर स्थित पूंछरी का लौठा में दर्शन करने के लिए रवाना हुए थे। विजिबिलिटी कम होने के कारण पायलट ने हेलिकॉप्टर को आगरा एयरपोर्ट पर उतारा।

## भीम ने लॉन्च किया 'गर्व से स्वदेशी' अभियान, नए यूजर्स को मिलेगा 20 रुपए का कैशबैक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत के स्वदेशी डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म भीम ऐप ने सोमवार को 'गर्व से स्वदेशी' अभियान की शुरुआत की। इसके तहत नए यूजर्स को डिजिटल पेमेंट अपनाने पर 20 रुपए का कैशबैक दिया जाएगा।

**भीम इस महीने के अंत में मनाने जा रहा है अपनी 10वीं वर्षगांठ** - भीम इस महीने के अंत में अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में नए यूजर्स के लिए यह विशेष ऑफर पेश किया गया है। यह ऑफर उन यूजर्स के लिए मान्य होगा, जो 20 रुपए या उससे अधिक का लेनदेन करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य नए यूजर्स को डिजिटल पेमेंट्स से जोड़ना और उनकी सुविधा को बढ़ाना है। भीम का लक्ष्य पहली बार डिजिटल भुगतान करने वाले यूजर्स के लिए किसी भी तरह की बाधा को दूर करना है, ताकि देशभर में डिजिटल पेमेंट्स की बढ़ती स्वीकार्यता को और मजबूती मिल सके। लेनदेन पर एक महीने में 300 रुपए तक का कैशबैक-भीम को विकसित करने वाली एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने बताया कि जो नए यूजर्स भीम ऐप का उपयोग अपनी दैनिक जरूरतों- जैसे किराना खरीदारी, बस या मेट्रो टिकट, प्रीपेड रिचार्ज, बिजली व गैस बिल भुगतान और पेट्रोल खर्च में करते हैं, वे योग्य लेनदेन पर एक महीने में 300 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।

इस वर्ष की शुरुआत में लॉन्च किया गया नया भीम ऐप 15 से अधिक भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है।

## सम्पादकीय

# फिर वही बेतुकी मांग, चुनाव सुधार पर चर्चा

राज्यसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा करते हुए कांग्रेस ने जिस तरह फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की अपनी मांग पर बल दिया, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह एक ऐसा माहौल बनाने पर काम कर रही है, जिससे देश की चुनाव प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए। ऐसा माहौल बनाने का उसका मकसद यह प्रचारित करना है कि भारत में लोकतंत्र खतरे में पड़ चुका है। ध्यान रहे कि राहुल गांधी देश ही नहीं, विदेश में भी भारतीय लोकतंत्र को खतरे में बता चुके हैं। यह भी छिपा नहीं कि वे लंबे समय से वोट चोरी के मुद्दे को तूल दे रहे हैं। पहले उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के हवाले से वोट चोरी के मसले को उछाला, फिर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बहाने ऐसा करना शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता केवल चुनाव प्रक्रिया पर ही सवाल नहीं उठा रहे हैं, वे यह भी प्रचारित कर रहे हैं कि वह भाजपा से मिला हुआ है और मोदी सरकार के इशारे पर एसआइआर करा रहा है। यह प्रचारित करने के लिए ही पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली में चुनाव आयोग और मोदी सरकार, दोनों पर निशाना साधा गया। इस रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने आपत्तिजनक नारे लगाकर अपनी खीझ ही उतारी। चुनाव सुधार के नाम पर ईवीएम पर सवाल उठाना और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करना एक तरह से देश को बैलगाड़ी युग में ले जाना है। क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि जिस कांग्रेस ने ईवीएम के उपयोग की अनुमति दी, वही आज उसके खिलाफ खड़ी है? ईवीएम को संदिग्ध बताने के लिए न जाने कितने लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं, लेकिन उन्हें मुंह की ही खानी पड़ी है। इसके बाद भी बैलेट पेपर वाली चुनाव प्रक्रिया को भरोसेमंद बताने की बेतुकी मांग होती रहती है। इस मांग का समर्थन करने वाले अधिक दल नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस अपना रवैया बदलने को तैयार नहीं। वह यह समझने को तैयार नहीं कि उसकी ओर से ईवीएम को लेकर जो नैरेटिव बनाया जा रहा है, उसमें कोई दम नहीं। यह एक ऐसा घिसा हुआ बेकार का नैरेटिव है, जिसका कहीं कोई असर नहीं।

यदि कांग्रेस अपनी कमजोरियों पर ध्यान देने के बजाय फालतू के मुद्दों को तूल देगी तो उसे कुछ हासिल होने वाला नहीं है, क्योंकि देश के लोग यह भूले नहीं हैं कि जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे, तब किस तरह मतपत्र लूटे जाते थे। राज्यसभा में कांग्रेस की ओर से यहां तक कहा गया



कि चुनावी पारदर्शिता के लिए अलग आयोग बने। इसका सीधा मतलब है कि वह संवैधानिक संस्था के रूप में चुनाव आयोग को खारिज कर रही है। आखिर यह संविधान के प्रति कैसी प्रतिबद्धता है?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 16 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2014 - पाकिस्तान में पेशावर के एक स्कूल में तहरीक ए तालिबान के हमले में 145 लोगों की मौत हुई जिनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे थे।
- 2013 - फिलीपीन्स की राजधानी मनीला में एक बस के पलटने से 18 लोगों की मौत हो गयी तथा 20 अन्य घायल हो गये।
- 2008- केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के वेतन पुनरीक्षण को गठित चड्ढा समिति की संस्तुतियों को केन्द्र सरकार ने मंज़ूर किया।
- 2007 - बांग्लादेश ने पाकिस्तान से मुक्ति दिवस का 36वाँ विजय दिवस मनाया।
- 2006 - नेपाल में अंतरिक्ष संविधान को अंतिम रूप दिया गया। इसके तहत राजा ज्ञानेन्द्र को देश के प्रमुख के पद से हटा दिया गया।
- 2004 - दूरदर्शन की फ्री टु एयर डीटीएच सेवा 'डीडी डायरेक्?ट +' का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।
- 2002 - बांग्लादेश ने 31वाँ विजय दिवस मनाया।
- 1999 - गोलन पहाड़ी के मुद्दे पर सीरिया-इस्रायल वार्ता विफल।
- 1994 - पलाऊ संयुक्त राष्ट्र का 185वां सदस्य बना।
- 1993 - नयी दिल्ली में 'सभी के लिए शिक्षा' सम्मेलन प्रारम्भ।
- 1991 - कजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1985 - तमिलनाडु के कलपक्कम में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफबीटीआर) की स्थापना।
- 1971 - भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक् होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- 1959 - पश्चिमी पाकिस्तान के लोवाराय दर्रे में भारी बर्फबारी से 48 लोगों की मौत।
- 1958 - कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत।
- 1951 - हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की स्थापना की गयी।
- 1929 - कलकत्ता (अब कोलकाता) विद्त आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की।

## विशेष आलेख

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला वैश्विक आतंकवाद का भयावह चेहरा



सुनील कुमार महला



ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के सिडनी में बोंडी बीच (समुद्र तट) पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में इजरायली नागरिक समेत 16 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 29 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार घायलों में एक बच्चा और दो पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।कितनी बड़ी बात है कि बोंडी बीच में आर्चर पार्क के पास,जो कि भीड़-भाड़ वाली जगह है (ऑस्ट्रेलियन ईस्टर्न डेलाइट टाइम के मुताबिक़ शाम को क़रीब 6 बजकर 47 मिनट पर) दो लोगों की ओर से सार्वजनिक जगह पर गोलीबारी की गई और इलाके को दहला दिया गया। बताया जा रहा है कि आस्ट्रेलिया में हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर यह आतंकी हमला हुआ है, जो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। हालांकि, पुलिस की गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया है तथा दूसरा घायल बताया जा रहा है, जिसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है, लेकिन आस्ट्रेलिया में हुई यह आतंकी घटना साफ संकेत देती है कि आस्ट्रेलिया भी कहीं न कहीं अन्य देशों की भांति आतंकवाद का शिकार है। पाठकों को बताता चलूं कि एक हमलावर की पहचान पाकिस्तानी मूल के 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है तथा दुनियाभर के नेताओं ने इस आतंकी हमले की घोर निंदा की है। स्वयं आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, 'यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है।'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा साथ ही यह बात कही है कि-' भारत आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है।' इधर,इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह बात कही है कि, 'यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी।' बहरहाल, गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 2.8 करोड़ आबादी में करीब 1.17 लाख यहूदी रहते हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सरकार की विशेष दूत जिलियन सेगल के अनुसार, इन घटनाओं की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है, जिनमें हमले, तोडफ़ोड़, धमकियां और लोगों को डराने की घटनाएं शामिल हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली गर्मियों में सिडनी और मेलबर्न जैसे बड़े शहरों में हुए यहूदी विरोधी हमलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की लगभग 85 प्रतिशत यहूदी आबादी इन्हीं शहरों में रहती है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अगस्त में ऐसे दो हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था और उसके साथ राजनयिक संबंध भी तोड़ दिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। 1996 में तस्मानिया के पोर्ट आर्थर में हुई भयावह गोलीबारी के बाद, जिसमें 35 लोग मारे गए थे, सरकार ने हथियार कानूनों(गन ला) को बेहद सख्त बना दिया था। इसके बाद से आम लोगों के लिए बंदूक हासिल करना बहुत कठिन हो गया। इस सदी में गोलीबारी की गिनी-चुनी बड़ी घटनाओं में 2014 और 2018 के कुछ हत्या-आत्महत्या के मामले और 2022 में क्वींसलैंड में हुई एक गोलीबारी शामिल हैं। कुल मिलाकर, देश में हिंसा की घटनाएं कम हैं, लेकिन हाल के वर्षों में यहूदी विरोधी हमलों ने गंभीर चिंता पैदा की है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के दौर में यह साफ दिखाई दे रहा है कि आतंकवादी अब भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जान-माल का नुक़सान कर सकें। गौरतलब है कि विश्व में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित (शिकार) देशों में आज क्रमशः अफगानिस्तान, पाकिस्तान,इराक, सीरिया, नाईजीरिया, सोमालिया, भारत,यमन,माली तथा फिलीस्तीन-इजराइल क्षेत्र शामिल हैं।अफगानिस्तान दशकों से तालिबान, आईएस जैसे संगठनों की हिंसा का केंद्र रहा है। वहीं पर पाकिस्तान आतंकी संगठनों, आत्मघाती हमलों और सीमा-पार आतंकवाद से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है।इराक आईएस (इस्लामिक स्टेट) के उदय के बाद भारी आतंकी हिंसा झेल चुका तथा गृहयुद्ध के साथ आतंकवादी संगठनों की सक्रियता ने सीरिया को तबाह किया है।नाइजीरिया का उत्तर-पूर्वी इलाका जहां बोको हराम जैसे आतंकी संगठन से बुरी तरह से प्रभावित है, वहीं पर हमारा देश भारत सीमा-पार आतंकवाद, कश्मीर और बड़े शहरों में हुए आतंकी हमलों से प्रभावित है।गृहयुद्ध और आतंकी गुटों की मौजूदगी के कारण यमन में भारी संकट है तो माली (सहेल क्षेत्र में सक्रिय आतंकी संगठनों के कारण) हिंसा का शिकार है।

## परमाणु साझेदारी की नई रोशनी: भारत-रूस डील से ऊर्जा, रक्षा और शहरीकरण में ऐतिहासिक मोड़



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*भारत और रूस ने हाल ही में आयोजित 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में असैन्य परमाणु सहयोग को एक अभूतपूर्व स्तर पर ले जाने का ऐतिहासिक फैसला लिया, जिसकी धुरी तमिलनाडु का कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।*

यह ऊर्जा-रक्षा तालमेल भारत को वैश्विक राजनीति में संतुलित कूटनीति की ताकत देता है। एसएमआर व फ्लोटिंग प्लांट्स पर वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ, तटीय पारिस्थितिकी, कचरा प्रबंधन व जनसहमति सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम पारदर्शिता अनिवार्य है। भारत को रूस पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए अपने मेक इन इंडिया और पी एच डब्ल्यू आर कार्यक्रमों को मजबूत करना होगा । भारत और रूस ने हाल ही में आयोजित 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में असैन्य परमाणु सहयोग को एक अभूतपूर्व स्तर पर ले जाने का ऐतिहासिक फैसला लिया, जिसकी धुरी तमिलनाडु का कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। जहाँ रूस छह वीवीईआर-1000 रिएक्टर स्थापित कर रहा है, जिनमें से दो पहले ही सफलतापूर्वक बिजली उत्पादन कर रहे हैं और कुडनकुलम-3 के लिए रूस द्वारा हालिया ईंधन की आपूर्ति इस साझेदारी की गंभीरता को दर्शाती है। दोनों देशों के साझा बयान ने ईंधन चक्र, रिएक्टरों के पूरे जीवनचक्र समर्थन और



छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर व फ्लोटिंग न्यूक्लियर प्लांट जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर लंबी साझेदारी का खाका खींचा है। भारत के 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु क्षमता के लक्ष्य को साधने में यह सहयोग महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से तेज शहरीकरण के दौर में, जहाँ कुडनकुलम की 6000 मेगावॉट क्षमता दक्षिण भारत की ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करेगी, जबकि स्मॉल और फ्लोटिंग प्लांट्स तटीय व द्वीपीय क्षेत्रों को कार्बन-मुक्त बिजली देकर सतत विकास लक्ष्यों को गति प्रदान करेंगे। जैसे-जैसे औद्योगिक कॉरिडोर और स्मार्ट सिटीज़ आकार ले रही हैं, स्वच्छ ऊर्जा की यह साझेदारी प्रदूषण घटाकर और कोयला निर्भरता कम करके भारत को 'सस्टेनेबल अर्बन ग्रोथ मॉडल' का वैश्विक प्रतीक बना सकती है। ऊर्जा के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी यह डील रणनीतिक गहराई जोड़ती है, जहाँ भारत की 60-70 प्रतिशत सैन्य प्रणालियाँ रूसी मूल की होने के कारण, संयुक्त अनुसंधान, विकास व भारत में स्पेयर पार्ट्स निर्माण पर जोर देकर पश्चिमी प्रतिबंधों और आपूर्ति जोखिमों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को 'वैश्विक राजनीति का दूरदर्शी नेता' कहकर प्रशंसा करना, इस ऊर्जा-रक्षा तालमेल की कूटनीतिक महत्ता को पुष्ट करता है, जो भारत को अमेरिका, यूरोप व रूस के बीच संतुलित कूटनीति की ताकत प्रदान करता है। हालांकि, स्मॉल और फ्लोटिंग प्लांट्स से जुड़ी वैश्विक सुरक्षा चिंताएँ, तटीय पारिस्थितिकी, कचरा प्रबंधन व जनसहमति जैसे सवालों पर उच्चतम पारदर्शिता आवश्यक है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### दिल

सागर में काफ़ी दूर जाने के बाद, मगर अपनी पीठ पर बैठे बन्दर से बोला, मुझे क्षमा करना मित्र! मैंने तुमसे झूठ बोला था। असल मे मेरी मगरी ने तेरे दिल का भक्षण करना है; इसलिए मैं तुझे अपने घर ले जा रहा हूँ। यह सुनकर बन्दर ने उसे समझाया, ओ मूर्खप्राणी मगर! आज के जमाने मे अपने पास दिल रखता ही कौन है? हर किसी ने, किसी ना किसी को अपना दिल दे रखा है। यकीन ना हो तो मेरी छाती चीरकर देख लो, मैंने तो अपना दिल अपनी बंदरिया को दे रखा है। तू इतना बेवकूफ है कि तुझे पता ही नहीं कि तूने अपना दिल अपनी मगरी को दे रखा है। बन्दर को



वापिस छोडक़र, मगर बड़ी तेजी से तैरते हुए मगरी के पास पंहुचा और बड़ा उत्तेजित होकर उससे बोला, बन्दर ने तो अपना दिल अपनी बंदरिया को दे रखा है और मैंने अपना दिल तुझे दे रखा है। अब तू बता तूने अपना दिल किसे दे रखा है? यह सुनकर, घबराई हुई मगरी अपनी छाती टटोलने लगी कि दिल किधर गया; पर घबराहट में उसे तेजी से धडक़ता हुआ अपना दिल भी नहीं मिल रहा था।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में रात को चेहरे पर क्या लगाएं? जानें ये चीजें जिनसे सुबह मिलेगी सॉफ्ट और ग्लोइंग स्किन

सर्दियों के मौसम में त्वचा को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। सर्दियों में त्वचा से जुड़ी कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। दरअसल, सर्दियों में ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण स्किन ड्राई हो जाती है। ऐसे में, आप चाहें तो सर्दियों में रात को सोते समय चेहरे पर कुछ नैचुरल चीजों को लगा सकते हैं। इससे सुबह आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार नजर आएगी।

**नारियल तेल** : सर्दियों में अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा ड्राई हो जाती है, तो आप रात को सोने से पहले चेहरे पर नारियल का तेल लगा सकते हैं। दरअसल, यह त्वचा को मॉइश्चराइज्ड और हाइड्रेटेड रखता है। साथ ही, त्वचा को अंदर से हील करने में भी मदद करता है। एलोवेरा जेल -अगर आपकी ड्राई स्किन है, तो आप सर्दियों में रात को चेहरे पर एलोवेरा जेल भी लगा सकते हैं। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं। यह त्वचा को अंदर से पोषण और नमी प्रदान करने में मदद करता है। साथ ही, मुंहासों, दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन से छुटकारा दिलाने में भी मदद करता है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले एलोवेरा जेल को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे रात भर लगा रहने दें। फिर सुबह उठकर चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा पर नेचुरल ग्लो आएगा। गुलाब जल- आप चाहें तो सर्दियों में रात को सोने से पहले चेहरे पर गुलाब जल लगा सकते हैं। दरअसल, यह त्वचा को डीप क्लीन करने के साथ-साथ हाइड्रेट भी रखता है। बादाम का तेल -आप चाहें तो सर्दियों में रात को सोने से पहले चेहरे पर बादाम का तेल भी लगा सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परोपकार के कार्यों में आप बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे। आपको महिला मित्रों से सावधान रहना होगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

### वृष
आज आपको किसी वाद-विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। आप अपनी सेहत को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे। व्यापार में आप किसी काम को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। राजनीतिक कामों में आप आगे रहेंगे। आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने लिए कुछ नए कपड़े, मोबाइल आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है, इसलिए आप कोई सामान बहुत ही सोच समझकर खरीदें। नौकरी में आपको अधिकारियों से तारीफ सुनने को मिल सकती है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके जीवन में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप अपनी लापरवाही के कारण कुछ मुश्किलों में आ सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। राजनीति में आपको किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने व्यवसाय में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, लेकिन आपके काम की गति तेज रहेगी, जिससे आपको अधिकारियों से भी डांट खानी पड़ सकती है। आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी।

### वृश्चिक
आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपने संतान की जरूरतों पर पूरा ध्यान दें और आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

### धनु
आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आप किसी से बहुत ही तोल मोलकर बोले। बड़ों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपकी इन्कम तो सीमित रहेगी, लेकिन आपके खर्चे बढ़ेंगे। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन होने से आप काफी खुश रहेंगे।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आपकी कोई डील अटकी हुई थी, तो उसे भी आप फाइनल करने की कोशिश करेंगे। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक होने से उनका काफी खुश रहेगा।

### मीन
आज का दिन आपके लिए एक नई सफलता लेकर आने वाला है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप किसी नये वाहन की खरीदारी भी कर सकते हैं और यदि आपने किसी को धन उधार दिया था।

## सीएम भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने गायों को खिलाया गुड़ और हरा चारा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर सोमवार को भाजपा जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने विभिन्न गौशालाओ में जाकर गौमाता को गुड और चारा खिलाया ओर मिठाई बांट कर जन्मदिन को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया, उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना भी की । इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश जैन, डॉ भरत लाल मथुरिया, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़,लालचंद गौतम,मीरा सैनी, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा,बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, पार्षद जिनेंद्र शर्मा, जिला कार्यकाल मंत्री मुकेश शर्मा ,ओम प्रकाश शर्मा ओम सुवालका, संतोष मथुरिया आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरोग्य शिविरः कलेक्टर ने किया निरीक्षण, कराई बीपी की जांच



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के चिकित्सा संस्थानों में सोमवार को 'आरोग्य शिविरों' का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल सहित सभी उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित आरोग्य शिविरों में आमजन को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गयी। जिला स्तरीय आरोग्य शिविर का आयोजन जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कलक्टर काना राम ने आरोग्य एवं रक्तदान शिविर का विधिवत दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने शिविर मे दी जा रही सभी सुविधाओ का निरीक्षण कर जानकारी ली और मरीजों से संवाद कर फीडबेक भी लिया। शिवर में जिला कलक्टर ने स्वयं का बीपी चेक करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि आरोग्य शिविरों में आमजन के रोगों की जांच कर उपचार, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। साथ ही पांच स्थानों जिला अस्पताल सवाई माधोपुर, जिला अस्पताल गंगापुर सिटी, रणथम्भोर ब्लड बैंक सवाई माधोपुर, सीपी हॉस्पिटल व रिया हॉस्पिटल गंगापुर सिटी में रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया गया। जिला अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीना ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जेमिनी, पीएमओ डॉ. तेजराम मीना, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित गोयल आदि उपस्थित रहे। शिविरों मे ओपीडी सेवायें-जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, शिशु रोग, ऑप्थल्मिक, ईएनटी, कैंसर संबंधी सेवाएं। स्वास्थ्य परीक्षण-रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया, टीबी, अन्धता जाँच, गर्भवती एवं धात्री माताओं की एएनसी जांच, परामर्श, एमसीपी कार्ड वितरण। शिशुओं की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण। विभिन्न प्रकार के डायग्नोस्टिक टेस्ट। लैब टेस्ट सहित आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण। मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसके अलावा आमजन के लिए आभा आईडी जारी करने के लिए काउन्टर स्थापित किया गया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने नेतृत्व में धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरुषोत्तम जोशी)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने नेतृत्व में धूमधाम



से मनाया।सर्वप्रथम श्री गाँधी गौशाला में गौ पूजन एवं चारा वितरण किया गया,सआदत अस्पताल टोंक में रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया एवं जगदीश सेवा संस्थान बृज विहार में मानसिक विमंदित बच्चो के साथ भोजन ग्रहण किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि टोंक जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लंबी उम्र की कामना की है।उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार पारदर्शिता, सुशासन एवं जनकल्याण के साथ काम कर रही है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दो वर्षों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।उन्होंने कहा कि आज राजस्थान की भजनलाल सरकार जनता की आकांक्षाओ पर खरा उतर रही हैं।चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने दो वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है,बीते दो वर्षों में बिजली, पानी, युवा, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार तथा ईआरसीपी जैसे अहम विषयों पर प्रभावी कार्य हुआ हैं।इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवाओं का फॉलोअपःसरकार की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज से सेवा शिविर श्रृंखला

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्व विभाग 16 दिसम्बर से ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविरों का आयोजन करेगा। जिला कलक्टर काना राम ने जिले में तहसील स्तर पर फॉलोअप शिविरों का कार्यक्रम निर्धारित किया है। शिविर प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित होंगे। कलक्टर के आदेश अनुसार, ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर के लिए 16 से 24 दिसम्बर तक का कार्यक्रम घोषित किया गया है। तहसील मलारना डूंगर में 16 दिसम्बर को मलारना डूंगर, 17 दिसम्बर को भाड़ौती, 18 दिसम्बर को शेषा, 19 दिसम्बर को बिच्छीदौना, 22 दिसम्बर को चक बिलोली एवं 23 दिसम्बर को मलारना चौड़ के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों में सेवा शिविर आयोजित होंगे।

# विधायक राजेंद्र गुर्जर ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, क्षेत्रवासियों ने विधायक को समस्याओं से करवाया रूबरू दिया आश्वासन

### दिव्यांगजन कल्याण समिति के उपसचिव अशोक सैनी के नेतृत्व में दिव्यांगों ने विधायक का किया स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा/टोंक (आनंद गौतम)।** उनियारा उपखंड में देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर उनियारा पुराना बस स्टैंड गीता होटल के पास कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक राजेंद्र गुर्जर द्वारा भाजपा सरकार की उपलब्धि बताई। वही कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि दिव्यांग जनों को आवागमन के लिए राजस्थान सरकार प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन को मोटराइज्ड स्कूटी देगी जिससे उनको अपने दैनिक कार्य व्यवसाय, रोजगार, अध्यापन खेत खल्यान आदि कई काम करने में उनके लिए काफी हद तक सुविधा मिलेगी ।वहीं भाजपा के पदाधिकारी



व कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक का स्वागत सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शहर वासी मौजूद थे।

### दिव्यांगजन कल्याण समिति के पदाधिकारी ने विधायक का किया स्वागत सम्मान

देवली उनियारा विधायक उनियारा बस स्टैंड कार्यक्रम आयोजित स्थल पर पहुंचने पर दिव्यांगजन कल्याण समिति के पदाधिकारियो ने विधायक राजेंद्र गुर्जर का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया जिसमें समिति के सचिव शंभू दयाल बेरवा ,उपसचिव अशोक कुमार सैनी उनियारा, अध्यक्ष सुरेश कुमार महावर, कोषाध्यक्ष राजकुमार महावर, कार्यकर्ता जाकिर हुसैन, बिहारी लाल मीणा, पवन पारीक, रामकेश मीणा ,राजेंद्र कुशवाहा, गणेश, दीपक आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं पलाई कस्बे में क्षेत्रीय विधायक ने सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में उपलब्धियों का बखान किया। भाजपा की ओर से राज्य की भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई रथयात्रा के पलाई पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रथयात्रा के साथ आए क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर ने सरकार की दो साल की उपलब्धियों का बखान किया। उनके सम्बोधन के बाद ग्रामीणों ने बीसलपुर पेयजल योजना की बड़ी टँकी के निर्माण करवाए जाने, नगरफोर्ट रोड़ से नहर तक डामरीकरण सडक़ निर्माण कराने, पलाई कस्बे में स्थित नलों में पूरे दबाव के साथ पेयजल उपलब्ध कराने, बस स्टैंड के पास बीसलपुर पेयजल योजना की लाईन में वाल्व लगवाने, तेजाजी मंदिर से गुलाबपुरा उनियारा नेशनल हाईवे तक, शीतला माता से पूर्व सरपंच सोहनलाल धाकड़ के मकान की ओर, प्राइमरी स्कूल से गणेश जी महाराज तक सीसी रोड बनवाने आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिए। जिस पर विधायक ने कहा कि वे इन कार्यों को करवाने के प्रयास में कोई कसर नही छोड़ेंगे। कार्यक्रम में विकास अधिकारी शंकरलाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष महावीर गुर्जर, महावीर पालीवाल, नायब तहसीलदार ,पंचायत प्रशासक लादू लाल रैगर सहित कई कर्मचारी तथा आम लोग मौजूद थे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, गांव में मातम

### उनियारा-गुलाबपुरा नेशनल हाइवे पर चतरपुरा नाड़ी के पास हुई भीषण टक्कर, चालक हिरासत में, वाहन जब्त

बढ़ता राजस्थान

उनियारा, टोंक( पुरूषोतम जोशी ) । क्षेत्र के उनियारा-गुलाबपुरा नेशनल हाइवे 148 डी पर चतरपुरा नाडी के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सडक़ हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक युवकों की पहचान सचिन मीणा और नरेश मीणा के रूप में हुई है, जो उनियारा थाना क्षेत्र के चतरपुरा गांव के ही निवासी थे। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी तेज गति से आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

**थानाधिकारी पहुंचे मौके पर**

हादसे की सूचना मिलते ही उनियारा थानाधिकारी कप्तान सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और दोनों मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर उनियारा राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति न बने, इसके





लिए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को हटवाकर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करवा दिया है। वहीं, पुलिस ने कार चला रहे ड्राइवर और उसमें सवार व्यक्ति को डिटेन (हिरासत में) कर लिया है जिनसे पूछताछ जारी है।

**एक ही गांव के थे दोनों युवक**

मृतक सचिन और नरेश एक ही गांव (चतरपुरा) के निवासी थे। एक साथ गांव के दो नौजवानों की मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, वहां मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ग्राम पंचायत मोर में विकास कार्यों की सौगात जलदाय मंत्री चौधरी का किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** उपखंड के मोर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने तथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिन अवसर पर जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने करोड़ों रुपए लागत के सडक़ निर्माण के साथ-साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े कार्यों ,विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास कर क्षेत्र की जनता को सौगात दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री चौधरी का ग्रामीण जन प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोर, स्टेट हाईवे स्थित गुर्जर की थड़ी से 20 किलोमीटर लंबी पन्द्राहेड़ा बावड़ी सडक़, पन्द्राहेड़ा सें मोर तथा मिसिंग लिंक योजना में बावड़ी पंप हाउस से लखोलाई व मोर ग्राम से चामुंडा माता मंदिर सडक़ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में मंत्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार



ने चुनाव पूर्व जो वादे किए थे उनमें से अब तक 70 प्रतिशत वादे हमने दो वर्ष में ही पूरे कर लिये हैं। उन्होंने आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों को जागरुक होकर विकास कार्यों में भागीदार बनने का आव्हान किया, टोडारायसिंह रोड कंस्ट्रक्शन परियोजना से न केवल सडक़ नेटवर्क मजबूत होगा बल्कि व्यापार, शिक्षा ,स्वास्थ्य ,रोजगार जैसे क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह परियोजना टोडारायसिंह क्षेत्र के समग्र विकास में मिल का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर महामंत्री संतकुमार जैन नगर पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी मोर मंडल अध्यक्ष राजेश मीणा समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

## भामाशाहों ने बढ़ती सर्दी से बचने के लिए विद्यार्थियों को वितरित की जर्सी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में इन दोनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है, इसी बीच सामाजिक सरोकारों में अपनी भूमिका अदा करने के लिए भामाशाह भी निकल कर सामने आने लगे हैं, इसी क्रम में सोमवार को राजकीय अपर प्राइमरी स्कूल तालड़ा में भामाशाहों द्वारा जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसीराम शर्मा ने बताया कि सवाई माधोपुर के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष शर्मा ने अपने पिता टीकाराम शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को उनकी तरफ से विद्यालय में अध्ययनरत 120 छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की की, जिससे सभी स्कूल बच्चों को सर्दी से राहत मिल सकेगी ! जर्सी वितरण के दौरान भामाशाह टीकाराम शर्मा ने कहा कि समाज में लोगों की भलाई के लिए सदैव हर वर्ग में व्यक्ति को आगे आना चाहिए, हर व्यक्ति को दूसरी व्यक्ति की मदद के लिए सदैव खड़ा रहना चाहिए लोगों का भला करना अपनी जिम्मेदारी मानकर सभी को एक दूसरे की मदद करनी चाहिए ।

## नालसा जागृति और डॉन योजना के संबंध में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सोमवार को एडीआर सेंटर सवाई माधोपुर में नालसा द्वारा संचालित जागृति (जस्टिस अवेयरनेस फॉर ग्रासरूट रूरल इनफॉर्मेशन एंड ट्रांसपेरेंसी इनीशिएटिव) स्कीम 2025 एवं डॉन (ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) स्कीम 2025 के संबंध में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम में शामिल पैनल अधिवक्ताओं, अधिकार मित्रों एवं विभिन्न विभागों से उपस्थित प्रतिनिधिगण को बताया कि नालसा द्वारा जागृति (जस्टिस अवेयरनेस फॉर ग्रासरूट रूरल इनफॉर्मेशन एंड ट्रांसपेरेंसी



इनीशिएटिव) स्कीम 2025 नामक योजना का उद्देश्य विधिक जागरूकता को संस्थागत बनाना, समाज के कमजोर वर्ग के लोगों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना, विधिक सहायता सेवाओं की पहुंच को अधिकतम कर उनका डेटाबेस बनाना और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत जिले में जिला जागृति इकाई और तालुका गंगापुर सिटी, खंडार, बौंली एवं बामनवास में तालुका जागृति इकाई का गठन किया गया है। साथ ही नालसा द्वारा संचालित डॉन (ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) स्कीम 2025 योजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य विशेष इकाइयों के गठन से संस्थागत और विधिक सेवा ढांचे को मजबूत करना, शिक्षा के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग को खत्म कर जागरूकता पैदा करना, विधिक सेवाओं को सुनिश्चित करना, नशा पीडि़तों के पुनर्वास और पुनएर्कीकरण की प्रक्रिया में सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करना है। इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा यूनिट के सदस्यों द्वारा किये गये कार्यों का मूल्यांकन किया गया। कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम में मनोचिकित्सक गौरव चन्द्रवंशी ने मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले नुकसानों एवं उन नुकसानों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही पैनल अधिवक्ता अभय कुमार गुप्ता, सहायक नगर नियोजक माणिकचन्द द्वारा भी नशे के दुष्परिणामों, मादक पदार्थों की तस्करी एवं उसकी रोकथाम, मादक पदार्थों के सेवन से दूरी बनाने के उपायों, चाइल्ड हेल्पलाईन 1098, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# विकास रथ गांव-गांव पहुंचकर ऑडियो-वीडियो माध्यम से सरकारी योजनाओं का कर रहे व्यापक प्रचार-प्रसार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। विकास रथों में स्थापित एलईडी के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू किया जा रहा है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने बताया कि सोमवार को विकास रथ सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र की जटवाड़ा कलां, लोरवाड़ा, अजनोटी,



जड़ावता एवं पढ़ाना, खण्डार विधानसभा क्षेत्र की पाली, गण्डावर, मेईकलां एवं खण्डेवला, गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र की खेड़ाबाढ़ रामगढ़, कुनकटाकला, मीना पाड़ा एवं गंगापुर सिटी तथा बामनवास विधानसभा क्षेत्र की रानीला, टुण्डिला, डूंगरवाड़ा, भांवरा एवं अमावरा ग्राम पंचायतों में पहुंचे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विकास रथों का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा आमजन ने ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर को विकास रथ सवाई माधोपुर की मखौली, दोबड़ा कलां, सेलू, गोगोर एवं मैनपुरा, खण्डार की नायपुर, तलावड़ा, गोठबिहारी स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं खण्डार तहसील के सामने शुक्ला तिराहा, गंगापुर सिटी की नारायणपुर टटवाड़ा, हीरापुर एवं तलावड़ा तथा बामनवास की सुकार, रिवाली, सांचौली, नारौली चौड़ स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचपुरी में आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकासात्मक उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि विकास रथों के माध्यम से वीडियो व ऑडियो संदेशों, प्रदर्शनी तथा जनसंवाद के जरिए आम लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीग के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में की पूजा-अर्चना

## मंत्रियो, विधायकों और स्थानीय लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर भगवान गिरिराज जी महाराज से दीर्घायु की करी कामना



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को गिर्राज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में डीग जिले के द्वापर कालीन तीर्थ स्थल पूंछरी का लौठा पहुंचकर भगवान श्रीनाथ जी मंदिर में विधिवत दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर स्थित मुकुट मुखारविंद पर भी पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर श्रद्धापूर्वक वस्त्र अर्पित किए और गिरिराज जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गिरिराज जी महाराज की आरती उतारी और उनसे राजस्थान प्रदेश की निरंतर प्रगति, खुशहाली और आमजन के जीवन में सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

पूजा-अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से बड़ी आत्मीयता से मिले। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और उनके नाम लेकर कुशलक्षेम पूछी। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम , विधायक डॉ शैलेश सिंह सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा को जन्मदिन की शुभकामना देते हुए भगवान गिरिराज जी महाराज से उनकी दीर्घायु को कामना की।मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालु अत्यंत उत्साहित नजर आए।

### हेलीपैड पर हुई अगवानी

इससे पूर्व मुख्यमंत्री शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर पूंछरी का लौठा स्थित हेलीपैड पहुंचे। हेलीपैड पर पहुंचने पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) मंत्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ शैलेश सिंह, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, नदबई विधायक जगत सिंह, जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, आईजी कैलाश चंद बिश्नोई, जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला कलेक्टर भरतपुर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीणा, आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, सामई के सरपंच गजाधर शर्मा और ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की।

दर्शन और पूजन कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात मुख्यमंत्री वापस हेलीपैड पहुंचे और वहां से जयपुर के लिए प्रस्थान कर गए। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और प्रोटोकॉल के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए थे।

## गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल में पूर्व विद्यार्थी मिलन एवं पूर्व अध्यापक स्टाफ मिलन कार्यक्रम का हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ ( डी एल सारस्वत )।** रायसिंहनगर मे श्री गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल में पूर्व विद्यार्थी मिलन एवं पूर्व स्टाफ रहे विद्यालय के आज विद्यालय में मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजन हुआ कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी की ओर से किया गया सभी का स्वागत किया गया पूर्व विद्यार्थियों एवं पूर्व स्टाफ का इस मौके पर संस्कृति कार्यक्रम भांगड़े डांनस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा किया गया शानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई बच्चों द्वारा विद्यालय के पूर्व स्टाफ को सामान देखकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से पूर्व छात्रों को विद्यालय के अंदर सम्मानित किया गया हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ खेलों में जिला स्तर एवं राज्य स्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययंतरण छात्रों के अभिभावक विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य एवं संस्था के उप प्रधान गुरतेज सिंह पंचायत समिति के पूर्व प्रधान हरजिंदर सिंह बराड़ संस्था कमेटी के सदस्य गुरमेल सिंह बालकरण सिंह हरजिंदर कौर बलविंदर सिंह पलविंदर सिंह कपिल सहगल सुरेंद्र सिंह कुलभूषण मुकेश कुमार मीडिया प्रभारी मनीष खत्री एवं विद्यालय स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## इकलहरा में गोवर्धन पुलिस पर हमला करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी को किया निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग थाना कोतवाली पुलिस ने गत सप्ताह गांव इकलहरा में उत्तरप्रदेश की गोवर्धन थाना पुलिस पर हमला कर एस आई नितिन त्यागी को गंभीर रूप से घायल करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। थाना कोतवाली प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया है कि मुखबिर की सूचना पर एस आई अमर सिंह ने मय जाप्ता के गांव इकलहरा के जंगल में दबिश देकर श्योदान सिंह 50 बर्ष पुत्र भगवान सिंह ठाकुर निवासी इकलैरा थाना डीग को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। एस आई अमर सिंह ने बताया है कि अपहरण के मामले में वांक्षित अमित पुत्र सुनहरी ठाकुर को 5 दिसंबर को इकलहरा में पकड़ने गई उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती थाना गोवर्धन की पुलिस पर हमला कर उत्तर प्रदेश पुलिस के एस आई नितिन त्यागी पर प्राणघातक हमला कर उसे घायल कर देने और राज कार्य में बाधा डालने की घटना में गिरफ्तार आरोपी श्योदान सिंह और निरुद्ध किया गया बाल अपचारी शामिल थे। पुलिस इस मामले में नाम जद शेष आरोपियों की तलाश में सरगर्मी से जुटी हुई है।

## केंद्रीय क़ानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ ( डी एल सारस्वत )।** केंद्रीय क़ानून एवं न्याय मंत्री तथा बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल को भारतीय जनता पार्टी ने एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी नेतृत्व ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर उन्हें सह-प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही केंद्रीय मंत्री मेघवाल तमिलनाडु में चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय एवं चुनाव प्रबंधन की अहम जिम्मेदारी निभाएंगे। पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय को भाजपा की चुनावी तैयारियों को और अधिक सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बीकानेर सहित राजस्थान में इस नई जिम्मेदारी को लेकर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। देहात ज़िलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, भाजपा नेता कोजूराम सारस्वत, भंवरलाल जांगीड, पवन स्वामी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी हैं।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 171 मरीजों की हुई जांच,61 मरीजों का हुआ ऑपरेशन

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा डॉ. कोठारी नेत्र अस्पताल और विजन फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से नाईयों की तलाई स्थित तेरापंथ सभा भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कोठारी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 171 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। रोटेरियन डॉ. अनिल कोठारी और उनकी टीम के सौजन्य से डॉ. कोठारी आई हॉस्पीटल में 61 मरीजों की सफल सर्जरी की गई, जिनमें इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण भी शामिल था।

## यमराज एवं चित्रगुप्त के रूप में कलाकारों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना के लिए किया प्रेरित

### सार्वजनिक निर्माण विभाग ने डीग, कामा मार्ग पर की गई रोड मार्किंग

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सोमवार को डीग शहर के विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। परिवहन निरीक्षक कमल दुबे ने बताया कि शहर के बस स्टैण्ड सर्किल, गणेश मंदिर तिराहा, पुराना बस स्टैण्ड सर्किल, लक्ष्मण मंदिर एवं मेला ग्राउंड में नुक्कड़ नाटक कलाकारों ने यमराज एवं चित्रगुप्त के रूप में किरदार के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की समझाइश की गई तथा वाहन चालकों तथा आमजन को किया यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया गया । दुबे ने बताया कि आमजन को राज्य एवं केन्द्र सरकार की सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण लाभकारी योजनाओं जैसे राहवीर योजना, कैशलेस उपचार एवं हिट एंड रन केस में पीडितों को मिलने वाली मुआवजा राशि योजना आदि के संबंध में जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा जन जागृति रथ डीग जिले के विभिन्न तहसीलों में 13 दिसंबर से नियमित रूप से चलाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक कलाकारों के साथ में उड़नदस्ता टीम एवं सूचना सहायक नवीन कलोरिया उपस्थित रहे। इस अभियान के माध्यम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सोमवार को डीग - कामां मार्ग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा रोड़ मार्किंग की गई एवं सड़क किनारों से झाडियों को हटाया गया।

## आईटीएफ-400 मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता में उदयपुर के डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती रनर अप रहे

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन द्वारा जयपुर स्थित जयपुर क्लब एंव जय क्लब के टेनिस कोर्ट पर आयोजित आईटीएफ-400 मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता में उदयपुर के वेटरन टेनिस खिलाड़ी डॉ.दीपांकर चक्रवर्ती 60 वर्ष आयुवर्ग में रनर अप रहे।

फाईनल में डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती का मुकाबला मेरठ के पुनीत गुप्ता के साथ हुआ। जिसमें पुनीत गुप्ता ने डॉ. दीपांकर को कड़े संघर्ष में पराजित किया। इस प्रदर्शन से डॉ. दीपांकर को 280 अंक प्राप्त हुए। इससे पूर्व दीपांकर ने क्वार्टर फाईनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिनेश फुलवारिया को 6-3,6-2 से तथा सेमिफाईनल में लोकेश पुरोहित को 6-1,6-1 से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा जर्मनी,फिनलैण्ड,चीन,एंव कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेताओं व उप विजेताओं को ट्रॉफी के अलावा नगद राशि से पुरूस्कृत किया गया। राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर क्लब में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके सभी खिलाड़ियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान टेनिस संघ के सचिव डॉ.राजीव शर्मा,जयपुर क्लब के अध्यक्ष,सचिव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

## डोडा-पोस्त से भरे लग्जरी वाहन में मिला पिस्टल

### वाहन छोड़ भागे तस्कर, पौने तीन क्विंटल डोडा-पोस्त जब्त



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा थाना पुलिस ने डोडा-पोस्त से भरा लग्जरी वाहन जब्त किया है। नाकाबंदी से भाग रहे तस्करों का पुलिस ने पीछा किया, जिस पर तस्कर वाहन छोड़ फरार हो गए। पुलिस को वाहन से एक पिस्टल भी मिली है। पुलिस के अनुसार उदयपुर रोड पुलिया पर नाकाबन्दी के दौरान लग्जरी वाहन को रूकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को भगा ले गया। पीछा करने पर तस्करी नादिया मार्ग पर वाहन को छोड़कर फरार हो गए। पीछे से आ रहे पुलिस दल ने वाहन को जब्त कर लिया। इसमें से दो क्विंटल 62 किलो डोडा-पोस्त बरामद किया गया। वाहन से एक पिस्टल भी मिली है। इस सम्बंध में पिण्डवाड़ा थानाधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### आरोपी पकड़ने में संजीदगी नहीं

ज्ञातव्य है कि दो दिन पहले भी पिण्डवाड़ा थाना पुलिस ने जनापुर चौराहे के समीप एक लग्जरी वाहन जब्त कर तीन क्विंटल करीब डोडा-पोस्त जब्त किया था। इस मामले में भी तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लग पाए थे। पुलिस को इनका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। संभवतया माल जब्ती के बाद पुलिस संजीदगी से इनकी तलाश ही नहीं कर रही है।

## उदयपुर की मनस्वी अग्रवाल ने अंटार्कटिका के सर्वोच्च शिखर पर तिरंगा फहरा कर रचा इतिहास

### करीब 16,500 फीट की ऊंचाई और तापमान माइनस 60 डिग्री सेल्सियस तक

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** अंटार्कटिका महाद्वीप के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर ''विन्सन मैसिफ पर भारतीय ध्वज फहराकर ''मनस्वी अग्रवाल'' ने उदयपुर ही नहीं राजस्थान का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित कर दिया है। मनस्वी ने 12 दिसम्बर 2025'' को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और वे इस दुर्गम शिखर पर पहुंचने वाली महिला पहली राजस्थानी महिला बन गई हैं। इस दुर्गम शिखर को आज तक राजस्थान का कोई पुरुष भी नहीं छु पाया है।

समुद्र तल से लगभग 5 हजार मीटर (करीब 16,500 फीट) की ऊंचाई पर स्थित विन्सन मैसिफ पृथ्वी के अंतिम छोर पर स्थित है। यह पर्वत शिखर पूर्णत: बर्फ से ढका हुआ है, जहां हजारों किलोमीटर तक कोई मानव आबादी नहीं है। चारों ओर केवल बर्फ का साम्राज्य फैला है और तापमान कई बार माइनस 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन्हीं विषम परिस्थितियों के कारण इस शिखर पर सफलतापूर्वक आरोहण को पर्वतारोहण के क्षेत्र में ''सबसे चुनौतीपूर्ण अभियानों'' में गिना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रतिवर्ष विश्वभर से अधिकतम 50 पर्वतारोही ही इस शिखर तक पहुँच पाते हैं। अब तक भारत से ''10 से भी कम पर्वतारोही'' विन्सन मैसिफ पर चढ़ने में सफल हुए हैं, जिनमें अब मनस्वी अग्रवाल का नाम भी स्वर्ण अक्षरों में जुड़ गया है।

मनस्वी अग्रवाल की यह उपलब्धि वर्षों के कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने ''माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दिरांग (अरुणाचल प्रदेश)'' तथा ''हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)'' से मूलभूत एवं एडवांस पर्वतारोहण प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत लगभग एक माह तक 6 हजार 500 मीटर ऊंची बर्फीली चोटियों'' पर रहकर कठिन अभ्यास करना होता है। उल्लेखनीय है कि ये दोनों संस्थान ''भारतीय सेना द्वारा संचालित'' हैं।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने गुजरात सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद रॉक क्लाइम्बिंग संस्थान से भी गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है और वे इस क्षेत्र की प्रमाणित प्रशिक्षक भी हैं। मनस्वी अग्रवाल की यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। वे आज देश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए साहस, समर्पण और संतुलन की जीवंत मिसाल बन चुकी हैं।

मनस्वी के पिता टी. आर. अग्रवाल राजस्थान वित्त सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। वे हाल में अतिरिक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। मां सरोज गुप्ता मीरा गर्ल्स कॉलेज में इतिहास विभाग में वरिष्ठ आचार्य के पद पर नियुक्त है। माता-पिता का अनुशासन व संस्कार भी मनस्वी की सफलता में सहायक रहा।

## भारतीय भाषा दिवस पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

## आदर्श विद्या मंदिर में साहित्यकारों ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान




**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में भारतीय भाषा दिवस के अवसर पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रांत अध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष धूड़ाराम 'पद्म' की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार कल्याण गुर्जर 'कल्याण' एवं परिषद इकाई अध्यक्ष शिवम शर्मा 'विशेष' विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विवेक शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ, जबकि राहिल 'साधक' ने परिषद गीत प्रस्तुत किया। जिला महामंत्री नवनीत गौड़ ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अतिथियों एवं साहित्यकारों का अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश भार्गव ने भारतीय भाषाओं पर सारगर्भित विचार रखते हुए कहा कि भारत की भाषाई विविधता हमें विभाजित नहीं करती, बल्कि हमारी सांस्कृतिक शक्ति बनकर देश को जोड़ती है। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं नवनीत गौड़ ने वंदे मातरम् एवं आनंद मठ के ऐतिहासिक और राष्ट्रवादी महत्व पर प्रकाश डालते हुए समसामयिक संदर्भों से जोड़ा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने विषय आधारित एवं स्वतंत्र रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ करने वालों में गिरधारी सिंह 'गिरधर', गुरुदयाल भारती, प्रकाश प्रियम, कंचन वर्मा, भवानी 'भूधर', शंभूदयाल गढ़वाल, वैद्य ओमप्रकाश जोशी, डॉ. अशोक मिश्र 'कोविद', धूड़ाराम 'पद्म', कल्याण गुर्जर 'कल्याण', महावीर शर्मा 'सरस', शिवम शर्मा 'विशेष', कन्नू सैनी, राजेश 'कोकड़ा', सूर्यकांत 'चन्द्र', राहिल 'साधक', प्रशांत कुमार सहित अनेक कवि शामिल रहे।

## शारीरिक शिक्षक संघ में देवड़ा अध्यक्ष मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जिला शारीरिक शिक्षक संघ के चुनाव में रेवदर ब्लॉक में अर्जुनसिंह देवड़ा को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव के दौरान पूर्व अध्यक्ष उम्मेदसिंह देवड़ा ने नवीन ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अर्जुनसिंह देवड़ा का नाम प्रस्तावित किया। श्यामसिंह ने अनुमोदन किया। इस पर सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर अर्जुनसिंह देवड़ा, उर्वशी मीणा को सचिव, जयप्रकाश को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान सोहनसिंह देवड़ा, अशोक कलावंत, इन्द्रा वर्मा, नारायणलाल राठौड़, शंकरलाल मीणा, मदनलाल, मुकेशकुमार कड़वा, लीलाधर, हरीशकुमार आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न सेवा कार्यों के साथ कपासन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिवस भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय के नेतृत्व में विभिन्न सेवा कार्यों के साथ मनाया गया।जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा उपजिला चिकित्सालय कपासन में मरीजो को फल एवं कम्बल तथा भील बस्ती में भी जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये गये।साथ ही ब्राह्मणी माता गौशाला में गायों को लापसी का भोग एवं गुड़ तथा हरे चारे की सेवा की गयी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हेतु स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गयी।साथ ही अध्यक्ष विजयवर्गीय ने बताया कि सेवा,संवेदना एवं समर्पण के माध्यम से ही अंत्योदय के संकल्प को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, जीएसएस कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,भाजपा एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,पार्षद अकिल शाह, अशोक विजयवर्गीय,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,दिनेश सोनी,युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज आचार्य,हरिशंकर चोटिया,शिवलाल सेन,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,प्रतीक वैष्णव,भगवतीलाल आचार्य,गोपाल कोदली,छोटू वैष्णव,गिरिराज वैष्णव, हेमंत वैष्णव,राकेश आचार्य,मुकेश सिरोया,प्रवीण कोठारी,ओबीसी मोर्चा के नारायण सुथार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज. शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन में कपासन के शिक्षक भाग लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन का 19 व 20 दिसंबर को सालासर (चुरू) में आयोजन होगा। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि उक्त प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन में मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद शुक्ला सहवक्ता रूप में स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र कंबोज शिरकत करेंगे। ब्लॉक मंत्री दिनेश चौधरी ने बताया कि उक्त प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन शिक्षकों के स्थाई स्थानांतरण नीति,गैर शैक्षणिक कार्य,टीईटी की अनिवार्यता को खत्म करने, पुरानी पेंशन योजना की सुनिश्चता,नई शिक्षा नीति 2020 सहित सार्वजनिक शिक्षा से जुड़े ज्वलंत विषयों को लेकर आयोजित हो रहा है।साथ ही इस प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन में कपासन ब्लॉक के शिक्षकगण भाग लेंगे।

## विधायक कृपलानी सहित भाजपा नेताओं ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सशक्त और संगठित राष्ट्र बनाया। उनका दृढ़ नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति आज भी प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रदीप मोदी, पूर्व नगर अध्यक्ष मोतीलाल आहूजा, वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री पारस वीरवाल, नगर महामंत्री कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोपाल वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## अतीत की धरोहर को संजोने की पहलः ब्यावर में सम्राट हेरिटेज म्यूजियम का ऐतिहासिक शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर में इतिहास, संस्कृति और विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सम्राट हेरिटेज म्यूजियम, ब्यावर का भव्य शुभारंभ किया गया।



म्यूजियम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भंवर सिंह पलाड़ा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर म्यूजियम के संस्थापक गोपाल सम्राट, रोहित सम्राट एवं दक्ष सम्राट ने मुख्य अतिथि का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया, जबकि निशा सम्राट ने तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। म्यूजियम संस्थापक गोपाल सम्राट ने बताया कि इस संग्रहालय में वर्षों से संजोई गई ऐतिहासिक धरोहरों को आमजन के दर्शनार्थ प्रदर्शित किया गया है, जिनमें प्राचीन बर्तन, हथियार, पुराने ताले, टेलीविजन, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीफोन, घडियां, सिक्के एवं दुर्लभ ऐतिहासिक चित्र शामिल हैं। म्यूजियम का उद्देश्य ब्यावर के नागरिकों को अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना है शुभारंभ अवसर पर मांगीलाल जी चवदिया, पुष्पेन्द्र, शशिकान्त, पृथ्वीराज चौहान, हरी प्रसाद, सुगन चन्द, भरत, गौरव जोशी, अशोक सोलंकी, भागचन्द, कमल शर्मा, राजेन्द्र सिंह जादौन, भरत भाटी, गौरव चौहान, राजू वैष्णव, लोकेश बोहरा, राहुल बन्ना, भूरालाल सोनी, आकाश चौहान, जतिन गहलोत, नितेश, लोकेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ब्यावर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आरोग्य शिविर के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## भाजपा शासन के दो वर्ष के दौरान करवाए गए विकास कार्यों पर आधारित पोस्टर का विमोचन किया

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर एक दिवसीय आरोग्य स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा भाजपा शासन के दो वर्ष के दौरान करवाए गए विकास कार्यों पर आधारित पोस्टर का विमोचन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। पीएमओ डॉ. राघव सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ द्वारा अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया गया। शिविर में महिलाओं, गर्भवती माताओं, बच्चों एवं आमजन के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में डॉ. दशरथ लाल अंजना, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. अमित गोयल, डॉ. अशोक जिंजवाडिया, डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा एवं शिवराम निगम द्वारा रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। पीएमओ डॉ. राघव सिंह एवं नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंह सिंहवी के निर्देशन में शिविर की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संपन्न हुईं। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण भी किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने हेतु 75 इंच की एलईडी स्क्रीन का शुभारंभ विधायक श्रीचंद कृपलानी जी द्वारा उपस्थित अतिथियों की मौजूदगी में किया गया। यह एलईडी आमजन को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट एवं पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर मुकेश खंडेलवाल, मनीष तोलाम्बिया, अकील अहमद, गौरी, मंसूर अहमद, पुरणमल रेगर, सुशील गनावा, कमलेश सेरसिया, भंवर कंडारा, नीलम मेघवाल, अनीता कुमावत, रीना तेली, नयन सेन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरण

पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी दीर्घायु की कामना को लेकर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए। इस सेवा भावपूर्ण पहल की मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना की गई।

भाजपाइयों ने गौसेवा और आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन

## सीएम भजनलाल शर्मा कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत है - संजय जैन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ,(अमित शर्मा) ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 59वे जन्मदिवस भाजपा जिला संगठन द्वारा जिला प्रभारी संजय जैन (ताऊ) के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में गौसेवा एवं भव्य आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि हरनी महादेव रोड स्थित काइन हाउस में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रभु आरती के साथ गोमाता को चुनरी ओढ़ाकर एवं पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात सभी ने गौमाता को लापसी एवं चारा ग्रहण कराया। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजय जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए एक आदर्श है जो सभी को संगठन के लिए समर्पित भाव से अनवरत कार्य करने की प्रेरणा देते है। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी कर सीएम भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाइच, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, अभिश्रुता सोलंकी, शशांक बिड़ला, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, पार्षद शंकर जाट, हरीश सालवी, मुकेश चेचाणी, महेंद्र नायक, आकाश मालावत, मुकेश शर्मा देबू, केसर सिंह चौधरी, यशोवर्धन सेन, अशोक अजमेरा, रेखा अजमेरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अरावली पर्वतमाला को बचाने हेतु सर्वसमाज की अगुवाई में राष्ट्रपति के नाम कपासन में सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** अरावली पर्वतमाला को बचाने हेतु सर्वसमाज की अगुवाई में सोमवार को उपखंड कार्यालय कपासन पर उपस्थित राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि आगामी समय से राजस्थान की प्रमुख पर्वत श्रृंखला अरावली पर्वतमाला की परिभाषा में आंशिक संसोधन करते हुवे कहाकि 100 मीटर ऊंचाई से कम पहाडियों को कानूनी सुरक्षा से बाहर रखा जायेगा।उक्त आदेश के जारी होते ही पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश व्याप्त है।संपूर्ण मेवाड़ में फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत पहाडियां 100 मीटर से कम ऊंचाई की है।जो इस आदेश के बाद कानूनी सुरक्षा से बाहर होने के कारण खनन माफिया के मंसूबों का शिकार हो सकती है।

जिसको लेकर कपासन नगर निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता विधान चाष्टा ने अलख जगाते हुवे सर्वसमाज को एकत्रित कर उपखंड अधिकारी कपासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।विधान चाष्टा का मानना है कि प्रकृति संरक्षण हम सभी का प्रथम दायित्व है। पर्यावरण प्रेमी उज्ज्वल दाधीच ने बताया कि अरावली पर्वतमाला को जल विभाजक रेखा माना जाता है।ऐसे में परिवर्तित परिभाषा से अवैध खनन की घटनाएं शुरू होगी।जो हमारी प्राकृतिक संपदा के लिए खतरा है। इस ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान पेंशनर समाज कपासन अध्यक्ष रामनारायण शर्मा,नंदलाल बोहरा,पूर्व नपा अध्यक्ष दिलीप व्यास,भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह,बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा,मुकेश जागेटिया,छोटू वैष्णव,पेंशनर समाज प्रवक्ता कमल दाधीच,शंकर बारेगामा,घनश्याम बारेगामा,मनोज चाष्टा, अधिवक्ता अलमास अली, विजय बारेगामा,कृष्णा त्रिपाठी,चिन्मय,अनमोल,यश व्यास आदि जागरूक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पेंशनर दिवस को कपासन में कल मनायेगा पेंशनर समाज

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** पेंशनर समाज द्वारा कल बुधवार को पेंशनर दिवस को कपासन नगर स्थित पेंशनर भवन में मनाया जायेगा।

पेंशनर समाज कपासन के प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि पेंशनर भवन कपासन मे 17 दिसंबर दोपहर 2 बजे से पेंशनर दिवस मनाया जायेगा।इसी दिवस 17 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश वाई. बी. चंद्रचूड़ द्वारा डी.एस. नकारा मामले मे ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया था।साथ ही फैसला सुनाते हुवे मुख्य न्यायाधीश ने कहाकि पेंशन एक कर्मचारी का अधिकार है ना कि सरकार का ईनाम।उन्होंने कहाकि सेवानिवृति की तारीख के आधार पर पेंशन लाभ बढ़ाने मे कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता हैं।

इस निर्णय को पेंशनरो का महाधिकार पत्र भी माना जाता हैं।इसी वजह से 17 दिसंबर को संपूर्ण भारत मे राष्ट्रीय पेंशन दिवस मनाया जाता है।यहां पेंशनर दिवस पर अध्यक्ष रामनारायण शर्मा द्वारा समस्त पेंशनर से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

‘खेलेंगे तो खिलेंगे’ विधायक दौड़ में बच्चों का ज़बरदस्त उत्साह

## खेलना हर बच्चे का जन्म सिद्ध अधिकार - कोठारी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ,(अमित शर्मा) ।** भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी की अनूठी पहल खेलेंगे तो खिलेंगे के तहत सेठ मुरलीधर मानसिंहका गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर भीलवाड़ा विधायक दौड़ प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में न केवल नन्हे बच्चों, बल्कि उनके अभिभावकों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित इस दौड़ में लगभग 170 बच्चों ने हिस्सा लेकर अपना दमखम दिखाया। खास बात यह रही कि विधायक अशोक कोठारी ने स्वयं भी दौड़ में भाग लेकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

प्रतियोगिता के दौरान गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल सावन कुमार जांगिड़ और स्टाफ ने 200 मीटर रनिंग ट्रैक का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने शाम के सत्र में गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर नन्हे बच्चों के लिए नियमित स्पोर्ट्स अकादमी शुरू करने की अनुमति प्रदान की।

इस अवसर पर विधायक अशोक कोठारी ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि खेलना हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्होंने अपील की कि बच्चों को कम से कम एक घंटा जरूर खेलने दें और उनका बचपन न छीनें। आयोजक सचिव अजीत जैन और विवेक निमावत ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता के अलावा हूलाहूप, रस्साकसी और फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया। सभी विजेता खिलाडियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्य नारायण गुग्गड़, गोपाल राज पारीक, संजय राठी, ओम जाट, महेश राठौर, शिव नुवाल, प्रशिक्षक धर्मपाल यादव, महेश शर्मा, दिनेश सोलंकी, मनीषा सोलंकी, पलक राजपूत सहित कई प्रशिक्षक, खेल प्रेमी और अभिभावक मौजूद रहे।

भाजपा की जिला संगठनात्मक एवं परिचय बैठक संपन्न

# ‘राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें कार्यकर्ता’

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी की जिला संगठनात्मक एवं परिचय बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर गरिमामय वातावरण में आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रभारी संजय जैन (ताऊ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सह प्रभारी मिठ्ठूलाल जाट का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। बैठक में विधायक लादूलाल पीतलिया, लालाराम बैरवा, उदयलाल भड़ाना, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर एवं पूर्व विधायक वि_ल शंकर अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संजय जैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठित होकर कार्य करना चाहिए, ताकि देश को परम वैभव तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन व्यक्ति से बड़ा होता है और जब कार्यकर्ता स्वस्थ, स्वच्छ एवं सकारात्मक मन से कार्य करता है, तो परिणाम भी दुगुने मिलते हैं। उन्होंने भीलवाड़ा के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं के समर्पण के कारण जिले में कांग्रेस मुक्त वातावरण संभव हो सका है।

सह प्रभारी मिठ्ठूलाल जाट ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा है, जिसे करोड़ों निष्ठावान कार्यकर्ताओं के हाथ मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन स्व-अनुशासन से आता है और यही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा वह पार्टी है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है और समय-समय पर उसके कार्यों का यथोचित मूल्यांकन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला संगठन ने कार्यकर्ताओं के परिश्रम से अनेक अभियानों में प्रदेश स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर उन्होंने जिला संगठन की गति-प्रगति का रिपोर्ट कार्ड जिला प्रभारी को सौंपा। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने करतल ध्वनि के साथ धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया तथा सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर बैठक में उपस्थित लगभग 130 जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने पोस्टकार्ड पर शुभकामना संदेश लिखकर बधाई प्रेषित की। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी पोस्टकार्ड जिला प्रभारी संजय जैन को सौंपे, ताकि कार्यकर्ताओं की भावनाएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जा सकें। बैठक में जिलेभर से जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 'सेवा और सुशासन' के संकल्प के साथ मना मुख्यमंत्री का जन्मदिन और सरकार की दूसरी वर्षगांठ

- गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने नगर और सीकरी में रक्तदाताओं का बढ़ाया मान, पान्हौरी में की विकास कार्यों की घोषणा
- पान्हौरी में तीर्थ यात्रियों हेतु 1 करोड़ 15 लाख की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस तथा राज्य सरकार के सुशासन और विकास के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को डीग जिले में सेवा कार्यों की अविरल धारा प्रवाहित हुई। इस पुनीत अवसर पर गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने नगर और सीकरी क्षेत्र का सघन दौरा कर विशाल रक्तदान शिविरों और आरोग्य मेलों में शिरकत की। साथ ही, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पान्हौरी में जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

श्रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च अनुष्ठान

नगर और सीकरी में आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का अवलोकन करते हुए माननीय मंत्री श्री बेढ़म ने रक्तदाताओं के जज्बे को नमन किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं और नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## पान्हौरी में तीर्थ यात्रियों हेतु 1 करोड़ 15 लाख की सौगात

ग्राम पंचायत पान्हौरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा और विकास रथ के आगमन पर आयोजित रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने जनभावनाओं के अनुरूप त्वरित निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं और साधु-संतों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय निवासियों की मांग पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मंत्री ने यात्रियों के विश्राम हेतु 15 लाख रुपये की लागत से एक भव्य विश्राम स्थलध्धर्मशाला के निर्माण की स्वीकृति की घोषणा और 1 करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़क निर्माण की घोषणा की, जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।



## परिक्रमा मार्ग का कायाकल्प और बुनियादी ढांचा विकास

बेढ़म ने अपने संबोधन में अवसंरचना विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को धूल-मिट्टी और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से निजात दिलाने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि परिक्रमा मार्ग पर सीसी रोड और डामरीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाएगा ताकि श्कदम-कदम पर राधारानीश् का नाम जपने वाले भक्तों को कोई कष्ट न हो।

## जनता के स्नेह से अभिभूत हुए मंत्री

दौरे के दौरान विभिन्न स्थानों पर उमड़े जनसैलाब ने गृह राज्य मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ हुए स्वागत से अभिभूत श्री बेढ़म ने आमजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह और विश्वास ही उन्हें निरंतर कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है।

# 21 दिसम्बर को एडीजे कोर्ट में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

डिस्कॉम का बाड़ी, बसेड़ी, सैपऊ, सरमथुरा में 15 हजार उपभोक्ताओं पर 85 करोड़ बकाया

## समझौते के तहत मामले के समाधान की तैयारी,जारी किये उपभोक्ताओ को नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा के तहत कोर्ट में चल रहे लंबित मामलों के साथ बैंक, बिजली,पानी, सड़क दुर्घटना एवं अन्य विभिन्न मामलों को लेकर समझौते के तहत समाधान के लिए 21 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बाड़ी उपखंड पर यह लोक अदालत एडीजे कोर्ट में आयोजित होगी। जिसको लेकर विभिन्न मामलों के निस्तारण के लिए समझौता करने और मामला निस्तारित करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जयपुर विद्युत वितरण निगम के खंड अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह ने बताया की बाड़ी डिवीजन में बाड़ी उपखंड के साथ बसेड़ी,सैपऊ और सरमथुरा उपखंड क्षेत्र आता है। ऐसे में सभी प्रकार के विवादित त्रुटिपूर्ण बिल,डीसी,पीडीसी कनेक्शन और पुराने लंबित बिजलीं चोरी के मामलों को लेकर इस लोक अदालत में निस्तारण किया जाएगा। जिसमे नियम अनुसार उपभोक्ताओं को छूट भी दी जाएगी।

एक्सईएन गोविंद सिंह ने बताया की बाड़ी में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 4042 उपभोक्ता,बसेड़ी में 4200,सरमथुरा में 3373,सैपऊ ब्लॉक में 4000 उपभोक्ताओं पर डिस्काम का बकाया चल रहा है। कुल मिलाकर चारों ब्लॉकों में 15615 उपभोक्ताओं पर करीब 85 करोड़ का बकाया है। जिसको लेकर डिस्कॉम के सभी ब्लॉकों के एईएन, जेईएन,लाइनमैन एवं अन्य कार्मिकों की टीम बनाई गई है। सभी उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। सभी से अपील की गई है कि वे लोक अदालत में आकर अपने मामले का निस्तारण कराए और नियम अनुसार डिस्कॉम द्वारा जारी छूट का लाभ लेकर मामले का निस्तारण कराए।

# पुलिस ने पकड़ा 09 महीने से फरार एनडीपीएस मामले का आरोपी

आरोपी रवि भूत गांजे की तस्करी के मामले में चल रहा था वांछित, मलक पाड़ा से दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड की सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए करीब 09 महीने से एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रही एक आरोपी को बाड़ी शहर के मलक पाड़ा मोहल्ले से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से थाने पर दर्ज मामले को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। सोने का गुर्जा थाना अधिकारी कैलाश चंद्र ने बताया की 7 मार्च 2025 को कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी सूरज लोधा को गांव अलीगढ़ से गिरफ्तार किया था। जिसके कब्जे से करीब 2 किलो गांजा बरामद हुआ था। जब आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने यह गांजा बाड़ी शहर के मलक पाड़ा निवासी रवि उर्फ भूत पुत्र विजय अग्रवाल से खरीदना बताया। जब पुलिस ने उक्त रवि उर्फ भूत की तलाश की तो वह गायब हो गया। इसका मामला थाने पर पेंडिंग है। जिसमें आरोपी रवि उर्फ भूत अग्रवाल की तलाश की जा रही थी।

धौलपुर एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर पुराने पेंडिंग मामलों का निस्तारण किया जा रहा है। ऐसे में मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। रविवार को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि फरार आरोपी रवि भूत उसके घर पर देखा गया है। उक्त सूचना पर थाने के हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार,कांस्टेबल बीरबल,विनोद कुमार और गाड़ी चालक योगेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि उर्फ भूत पुत्र विजय अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ धारा 8/20,29 एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की जा रही है।

# जेडीए द्वारा 16 से 24 दिसंबर तक शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि शिविर दिनांक 16.12.2025 से 24.12.2025 तक (दिनांक 21.12.2025 रविवार को छोड़कर) जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केंद्र में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की पालना में आयोजित इस शिविर में शहरी सेवा शिविर-2025 तथा शहरी सेवा अनुवर्ती शिविर के लम्बित प्रकरण, दिनांक 18.10.2025 से 02.11.2025 के दौरान प्राप्त आवेदन, दिनांक 08.11.2025 से 15.12.2025 के दौरान प्राप्त नवीन आवेदन तथा संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग जोन के प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी ।

# मुख्यमंत्री शर्मा के जन्मदिन पर सीताराम गुप्ता ने गौशाला में गायों को खिलाया हरा चारा

दीघार्यु की कामना के लिए किया हवन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान के जन-जन के लाडले यशस्वी मुख्मंत्री भजनलाल के जन्मदिन पर समद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने उनके जन्मदिन पर गौशालाओं में गायों को हरा चारा व गुड खिलाया एवं मंदिर में जाकर उनकी दीर्घ आयु की कामना करते हुए विद्वान पंडितों द्वारा हवन किया गया एवं उनके द्वारा कराये जा रहे संपूर्ण राजस्थान में योजनावद्व तरीके से हो रहे विकास कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि निकट भविष्य में भरतपुर की तस्वीर अलवर जिले से अच्छी दिखेगी। उन्होंने इस पत्रकार के प्रश्न के उत्तर में कहा कि सुजान गंगा नहर भी उदयपुर की झीलों की तरह जल्दी ही जगमग होगी। गुप्ता ने कहा कि प्राचीन गंगा मंदिर पर हुये अतिक्रमण को हटाकर मूल स्वरूप में लाया जा रहा है। इसी प्रकार लक्ष्मण मंदिर को भी मूल स्वरूप में लाया जायेगा। जिसकी तैयारीया जोर शोर से प्रारंभ हो चुकी है।

# युवा मोर्चा से गढ़ा नेतृत्व, नितिन नवीन को राष्ट्रीय भूमिका

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के इस फैसले को आने वाले चुनावी दौर की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। संगठन नेतृत्व का मानना है कि नितिन नवीन की रणनीतिक समझ, संगठनात्मक समन्वय और निर्णय क्षमता पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। नितिन नवीन की राजनीतिक यात्रा भारतीय जनता युवा मोर्चा से प्रारंभ हुई। युवा मोर्चा में राष्ट्रीय महामंत्री सहित विभिन्न दायित्वों के दौरान उन्होंने संगठन विस्तार, कार्यकर्ता प्रशिक्षण और चुनावी समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। यही संगठनात्मक अनुभव आगे चलकर उन्हें राज्य स्तरीय प्रभार और अब राष्ट्रीय संगठन की प्रमुख भूमिका तक ले आया।

इस नियुक्ति के साथ युवा मोर्चा के दौर के पुराने संगठनात्मक सहयोग भी चर्चा में हैं। भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंदपाल सिंह ने नितिन नवीन के साथ कई चुनावी अभियानों में कार्य किया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान दोनों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी एवं दायित्वधारी के रूप में समन्वय के साथ जिम्मेदारियाँ निभाईं। इसके अतिरिक्त भरतपुर सहित अन्य क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी दोनों के बीच निरंतर सहयोग रहा।



नितिन नवीन की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अरविंदपाल सिंह ने कहा कि कि यह नियुक्ति भाजपा की उस नीति को दर्शाती है, जिसमें संगठनात्मक अनुभव और चुनावी समझ रखने वाले युवा नेतृत्व वाली पीढ़ी को आगे बढ़ाया जा रहा है। अब नजर इस बात पर है कि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन किस तरह संगठन को नई दिशा देते हैं।

# आशीष राजपूत बने उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल गोयल के द्वारा भरतपुर के कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता आशीष राजपूत को उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ का भरतपुर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। आशीष राजपूत की नियुक्ति पर आज दिनांक 15 दिसंबर 2025 को 4रू30 बजे काली की बगीची स्थित मां शक्ति इंटीरियर वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय पर आशीष राजपूत का फेंटा, माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ दयाचंद पचोरी द्वारा की गई, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव प्रेम सिंह प्रजापति, शहर महासचिव इंजीनियर जीवनलाल शर्मा, जिला महामंत्री सुरेश पदयात्री, चंद्रकांत शर्मा महामंत्री, गजराज सिंह मंडल अध्यक्ष रहे आशीष राजपूत ने इस अवसर। पर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करुंगा। दयाचंद पचौरी जी ने अपने उद्बोधन में आशीष राजपूत को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी व व्यापारी हित में मेहनत करने की बात कही। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, सुमित जोशी, अंकुर, ललित चौधरी, भोलाराम प्रजापति, धीरज गुर्जर, रविंद्र फौजदार, दीपक, विनोद, आदि उपस्थित थे।



# साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

## सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं सप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर 12 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में सभी विभागां एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने विकास रथ यात्रा के समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की उपलब्धियों से सम्बन्धित सभी प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें। विकास रथ में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 16 दिसम्बर को आयोजित होनी वाली तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां समय से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी विभागों को लोक मामलों से संबंधित कार्यों में स्फूर्त ढंग से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दीर्घकाल से लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, औसत निस्तारण समय में कमी की जाये एवं परिवादों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कर परिवादियों को राहत प्रदान की जाये।

# ईओ ने किया डंपिंग यार्ड का निरीक्षण, कचरे के निस्तारण को लेकर होगी ठोस प्लानिंग

कृषि उपज मंडी में मनरेगा के कार्य का भी किया निरीक्षण, अनुपस्थित मिले मजदूरों को लेकर रोजगार सहायक को निर्देश

## कोतवाली थाने के सामने सड़क पर कराई मरम्मत, पीडब्ल्यूडी को दिए थे एसडीएम ने निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिताभ मीणा ने सोमवार को शहर के आदमपुर गांव स्थित नगर पालिका की डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया,इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया की डंपिंग यार्ड में कचरा लगातार एकत्रित किया गया है जिसके निस्तारण को लेकर कोई प्रयास नहीं हुआ। इसी के चलते कचरा आवश्यकता से अधिक मात्रा में एकत्रित हो गया है। इस कचरे से आ रही दुर्गंध के चलते पास के गांव आदमपुर के वांशिंदे जहां परेशान हैं वही लगातार फैल रहा यह कचरा सिंचाई के लिए पास से निकल रही नहर के पानी में भी मिल रहा है। उक्त मामले को लेकर ईओ ने पालिका के कनिष्क अभियंता और अन्य अधिकारियो को ठोस प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं।वही ईओ अमिताभ मीणा ने कृषि बसेड़ी रोड स्थित कृषि उपज मंडी के पास चले शहरी मनरेगा कार्य का भी निरीक्षण किया। जिसमें मोके पर मजदूरों की संख्या काफी कम मिली इसको लेकर मनरेगा रोजगार सहायक को अनुपस्थित मजदूरों को लेकर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**कोतवाली थाने के सामने सड़क की कराई रिपेयरिंग** -शहर के कोतवाली थाने के ठीक सामने बाईपास रोड के सड़क मार्ग की रिपेयरिंग नगर पालिका द्वारा कराई गई है। ईओ ने शहर के सभी वार्डो और बाजार में गड्ढे एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को सही करने के संवेदक को निर्देश दिए हैं। हालांकि यह बाईपास वाला मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है जिसमें कोतवाली थाने के ठीक सामने कमलेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित इस गड्ढे को सही करने के लिए उपखंड अधिकारी ने दो महीने पहले सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे लेकिन उन पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब नगर पालिका द्वारा उक्त सड़क की मरम्मत कराई गई है जिससे कोई दुर्घटना नहीं हो।



# कोहरे के समय रिफ्लेक्टर की अहम भूमिका-गौरव यादव

## सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रिफ्लेक्टर लगाए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा संघन रिफ्लेक्टर अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रहे हैं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हमारे द्वारा प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को विभाग की ओर से रिफ्लेक्टर अभियान चलाया गया। अभियान में अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि सर्दी के समय में अत्यधिक कोर होने के कारण विजुअलिटी सुन हो जाती है ऐसे में रिफ्लेक्टर के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है उन्होंने कहा कि वाहन चालक अपने इलेक्ट्रिक रिफ्लेक्टर को सही कारण तथा जिन वाहनों पर इलेक्ट्रिक रिफ्लेक्टर नहीं है ऐसे वाहनों पर विभाग की ओर से रिफ्लेक्टर लगाए गए है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने बताया कि रिफ्लेक्टर अभियान निरंतर जारी रहेगा, यातायात पुलिस के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है।

पूर्व डिप्टी फिजिकल विजय उदैनीय ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं जिससे रात्रि के समय वाहनों की विजिबिलिटी हो सके और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। इस स्तर पर यातायात पुलिस कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## जैन मंदिर से मूर्ति के चॉदी छत्र चोरी का शातिर आदतन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर )।** पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्यवाही करते हुए जैन मन्दिर से चोरी किये हुये चांदी के क्षत्र सहित आदतन शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 14 अगस्त 2025 को परिवादी ने पुलिस थाना राजगढ पर उपस्थित होकर दर्ज कराया कि 14 अगस्त 2025 को प्रात: 4.00 बजे मंदिर में चोरी हो गई है जिसमें काले रंग की भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति (6 इंच), अष्ट धातु की भगवान महावीर साक्षी की मूर्ति (11 इंच), दो सिद्ध भगवान की मूर्तिया, चांदी के छत्र नग 12, यंत्र अष्ट धातु के 6. भामण्डल अष्ट धातु के 6, पाण्डुक शिला चांदी की पांलिस वाली 1.5 इंच उंची, चांदी का सिहासन 1.250 केजी का, पंचमेरू अष्ट धातु के 5 नग, मंदिर जी मे गुल्लक से नकदी चोरी, गेट तोडकर प्रवेश किया गया है। लगभग 10-12 लाख रूपये का सामान एवं नकदी चोरी हुई है।

## रोटरी क्लब अलवर ने ट्रैफिक संस्कार कार्यक्रम का किया आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा एसएमड़ी बालिका विद्यालय में ट्रैफिक संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ट्रैफिक पुलिस अलवर से हरीश पाल व मुनीश यादव थे । इस कार्यक्रम में छात्रों को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी गईए चौराहा पर ट्रैफिक लाइटों की पालनाए स्कूटी व टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यताए गाड़ी व फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट की अनिवार्यता के बारे में समझाया गया । कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमन के पालने की शपथ दिलाई गई। रोटरी क्लब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया की ट्रैफिक संस्कार कार्यक्रम अन्य सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में भी समय.समय पर चलाया जाएगा।

## निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** विधानसभा संख्या-63के निर्वाचक नामावलीयों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के ब्लॉक और मण्डल अध्यक्षौं की बैठक 16दिसम्बर 2025मंगलवार को दोपहर 01बजे आयोजित होगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए विधानसभा क्षेत्र संख्या-63में विशेष गहन पुनरिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता के सन्दर्भ में इस बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में मान्यता प्राप्त दलों के मण्डल अध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष तथा बूथ लेवल अभिकर्ता -2को आमंत्रित किया गया है।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ की तैयारियां चरम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार के लिए कई वाहनों द्वारा विभिन्न टोलियां अपना अपना कार्य कर रही हैं। यज्ञ स्थल पर युद्ध स्तर पर कार्य चालू है। सभी कुंडों का निर्माण करके रंग रोगन कर दिया है। लिपाई का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है ।वृहद स्तर पर आवास व्यस्था की गई है। आसपास व सुदूर क्षेत्रों के समयदानी कार्यकर्ता भाई बहिन अनवरत श्रमशील हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

### अलवर जिले की छह विधानसभा में रक्तदान शिविर, 370 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह

### जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को रक्तदान व सेवा कार्यों से दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा सभी 6 विधानसभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिले के सभी 30 मंडलों में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कठूमर विधानसभा मे 101 यूनिट, अलवर शहर व रामगढ़ मे 59-59, थानागाजी में 51 राजगढ़ में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। अलवर शहर विधानसभा में सुबह केडलगंज व्यापार समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित गौशाला गो पूजन व गो सवामनी, कटोरी तिबारा मधुसूदन गौशाला,बुद्ध विहार गौशाला व सनातनी गौशाला में गौ पूजन व गायों को चारा खिलाकर गोसवामनी कार्यक्रम आयोजित किया गया । सुबह 10.00 बजे अरावली ब्लड सेंटर में अलवर शहर विधानसभा का रक्तदान शिविर आयोजित किया गया ।जिसमें 59 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास पुरुष है जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता व विकास के दृष्टिकोण से राजस्थान की दशा व दिशा बदलने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार जहां प्रदेश को बीमारू प्रदेश की श्रेणी में छोड़कर गई वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की डबल इंजन सरकार विकास की पटरी पर तीव्र गति से दौड़ रही है।

जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है । सरस डेयरी अध्यक्ष नितिन सागवान ने कहा कि भजन लाल शर्मा विकास पुरुष है उनकी दूर दृष्टि सोच निश्चित ही राजस्थान को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी ।



### रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया

जिले के सभी 30 मंडलों में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्य म भी आयोजित किए गए जिसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कठूमर विधानसभा मे 101 यूनिट, अलवर शहर व रामगढ़ मे 59-59, थानागाजी में 51 राजगढ़ में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सुबह 10.00 बजे अरावली ब्लड सेंटर में अलवर शहर विधानसभा का रक्त दान शिविर आयोजित किया गया । जिसमें 59 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ।

## भाजपा मंडल राजगढ़ ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित एवं भाजपा प्रत्याशी बनाराम मीना के नेतृत्व में सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम भोरंगी गौशाला में गायों को गुड़ एवं चारा खिलाकर गौसेवा की गई। इसके पश्चात प्रताप स्टेडियम में केक काटा गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, रैनी मण्डल अध्यक्ष राजेश मीना प्रेमनाथ धामानी सतेंद्र सैनी, उमेश मंडावरिया, बादल सैन, लोकेश रावत, तुलसी शर्मा गौरव कशेरा, रूप नारायण मीना, बेनीप्रसाद सैनी, अभिषेक खंडेलवाल, अजय महाराज विवेक दीक्षित सुखराम मीना सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

## पुत्री ने किये अपने पिता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शहर मे लक्ष्मण सिंह शर्मा पुत्र श्री श्याम लाल शर्मा निवासी 1६20 विवेकानंद नगर,अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आरणएसणवर्मा ने बताया कि सुनीता ने अपने पिता जी के निधन के बाद नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत डॉ0 श्रॉफ धर्मार्थ चिकित्सा आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्री सुनीता ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके ष्नेत्रदानष् कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी व मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## सर्वजातीय लोगों ने किया नाहरवाल का सम्मान,नाहरवाल ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** बानसूर बार एसोसियशन के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर शशीकुमार नाहरवाल का सर्वजातीय लोगों ने माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया और मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया।।यह आयोजन सामाजिक समरसता के भाव को लेकर आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशिकुमार नाहरवाल से सभी अधिवक्ताओं सहित सर्वसमाज के लोगों का आभार जताया।उन्होंने कहा कि बार और बैंच का सामंजस्य बरकरार रहेगा। वहीं अधिवक्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूँगा। नाहरवाल ने कहा कि बार एसोसियशन के चुनाव एक फ्रेंडली मैच है जो हर वर्ष आयोजित होता है। इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट विजयसिंह चौधरी,भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा, विजय कुमावत, विष्णु सोनी, , एडवोकेट सुरेन्द्र यादव, बाबूलाल यादव, सुरेश यादव, रणवीर यादव, शंकरलाल सैनी,उपाध्यक्ष भैरुँसहाय सैनी, सचिव किशोरसिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सैनी सहित पुस्तकालय अध्यक्ष जैनाराम गुर्जर मौजूद रहे।

## विद्युत अव्यवस्थाओं को लेकर कनिष्ठ अभियंता को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर )।** उपखंड क्षेत्र के टहला क्षेत्र में विद्युत की हो रही है अघोषित कटौती एवं अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को क्षेत्रीय ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल के नेतृत्व में पहुंचकर कनिष्क अभियंता यश कुमार शर्मा को ज्ञापन सौपा।

पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल ने बताया कि विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में विद्युत विभाग की अघोषित कटौती एवं अव्यवस्थाओं से किसान परेशान है इस समय किसानो की फसल में पानी का समय है विद्युत विभाग की अघोषित कटौती से किसानों की फसल सूख रही है जिससे क्षेत्रीय किसानों में भारी आक्रोश है ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर 3 दिन में विद्युत सप्लाई सही नहीं की जाती तो टहला जीएसएस पर प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देते समय टहला सरपंच प्रतिनिधि महंत बाबूलाल शर्मा, रामकरण योगी, मनोहर बैरवा, मुकेश गुर्जर, धोलिया मीणा, हरिओम मीना, सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# गौमाता में सभी देवी-देवताओं का निवास: विवेकनाथ

## गौ-पूजन, स्वच्छता शिविर व पौधारोपण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के प्राचीन अरावली पर्वतमाला की तलहटी में बसा खेड़ापति बाबा पीर संज्यानाथजी महाराज की तपोस्थली धामेड़ा धाम गौशाला में सोमवार को राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन व सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में बाबा पीर संज्यानाथजी गौशाला समिति, पशुपालन विभाग नारायणपुर व कोलाहेड़ा, कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा गौ-पूजन, स्वच्छता शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी व नोडल प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र वर्मा, कोलाहेड़ा पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार सैनी, विशिष्ट अतिथि पशु प्रसार अधिकारी टीकम चंद सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी, सचिव सुनील कुमार शर्मा, संगठन मंत्री महेश चन्द सैनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी मीना, यादव समाज अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव, अध्यक्षता महंत पीर विवेकनाथ महाराज तथा मंच संचालन गौशाला कोषाध्यक्ष महेश कुमार सैनी ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महंत पीर विवेकनाथ महाराज के सानिध्य में पंडित सुनील कुमार शर्मा के द्वारा विधि विधान से मंत्रौच्चारण कर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गौ सेवा में भाग लिया। इस मौके पर पशुधन निरीक्षक धर्मपाल यादव, सत्यनारायण यादव, राजेंद्र यादव, पूरण सैनी, सपना सैनी, पशु परिचर क्षमा चौहान, कविता यादव, शीशराम गुर्जर, हरसाराम गुर्जर, लेखराज दौराता, पूरणमल लोधी, लेखराज सैनी, धूडाराम, फूलचंद सराधना, सत्यनारायण यादव, मदन कोली, मल्ली लोधी, पुरखा बाई सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## कप्तान छुट्टन लाल की मूर्ति स्थापित करने की मांग के साथ प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को कप्तान छुट्टन लाल संघर्ष समिति द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कला महाविद्यालय चेतन मीणा ने बताया कि यह मांग संघर्ष समिति की सन 2017 से प्रशासन और सरकार से करती आ रही है शासन प्रशासन को कई बार इस मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोग प्रयास करते आ रहे हैं आदिवासी समाज चाहता है कि भूगोर तिराया के आसपास यह समाज मुख्य भूमिका में रहता है इसलिए यहां का नाम कप्तान छुट्टन लाल जी के नाम पर किया जाए और साथ ही कप्तान छुट्टन लाल जी की मूर्ति स्थापित की जाए सरकार द्वारा शीघ्र ही हनुमान चौराहा से भूगोर तिराया तक फोर लाइन का कार्य शुरू होने वाला है साथ ही यहां पर चिडयि़ाघर भी प्रस्तावित है इसलिए संघर्ष समिति चाहती है कि 15 दिवस के अंदर भूगोर तिराया का नामांकरण कप्तान छुट्टन लाल जी के नाम पर किया जाए व मूर्ति स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित की जाए ऐसा नहीं करने पर आदिवासी समाज धरना प्रदर्शन व बड़ा आंदोलन करेगा आज के ज्ञापन के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेंद्र डागर से मिलकर संघर्ष समिति ने अपना पक्ष रखा साथ ही शहर अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर जी ने भी आश्वासन दिया कि जल्दी आदिवासी समाज की मांगों पर विचार करके आपकी मांगों को पूरा किया जाएगा

आज के ज्ञापन के दौरान नरेंद्र मीणा पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, धर्मेंद्र मीणा पूर्व पार्षद, ओम प्रकाश मीणा अध्यक्ष कप्तान छुट्टन लाल संघर्ष समिति,चेतन मीना पूर्व अध्यक्ष कला महाविद्यालय,महेंद्र एडवोकेट, दिनेश छाजूरामपुरा, हुकुम आदुका, प्रमोद मीणा, पिंटू,नरेंद्र, हेमंत, विकास, मुकेश, सुरेश, ऋषि, रजनेश, सुनील, अजीत, संजय खोड़ा, राजेंद्र बैरेर अधिक संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे ।।

# आदिशक्ति फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जन-जन तक पहुँचेगी रक्तदान

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** आदिशक्ति फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय, अलवर के ब्लड बैंक में आदिशक्ति फाउंडेशन, रेड डोनर्स सोसाइटी एवं ओड़ समाज सभा समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आदिशक्ति फाउंडेशन की समस्त कार्यकारिणी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में भी समय-समय पर देश के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि रक्तदान जैसे जीवनदायी अभियान में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। आदिशक्ति फाउंडेशन देशभर में रक्तदान जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। आदिशक्ति फाउंडेशन की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुषमा सिंह पंवार ने बताया कि वे स्वयं अलवर से हैं, इसलिए उन्होंने सर्वप्रथम अलवर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन-जन तक रक्तदान की जागरूकता पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उनका उद्देश्य अलवर जिले को एक मॉडल के रूप में विकसित करना हैए ताकि यहाँ के अनुभवों को राजस्थान के अन्य जिलों एवं देश के अन्य हिस्सों में उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया जा सके। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने हेतु अतिथि के रूप में अलवर के वर्तमान पर्यावरण मंत्री व विधायक संजय शर्मा और पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई तथा रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय के कार्यवाहक पीएमओ डॉ. प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में ब्लड बैंक की ओर से डॉ.तरुण यादव, डॉ. मोनिका जैन एवं डॉ. दिव्या जैन ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया।

## राजस्थान में आज जारी होगी एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

### लाखों वोटर्स के नाम कट सकते हैं, 16 लाख को नोटिस जारी होंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट मंगलवार को जारी होगी। राज्य निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होगी। इसमें परमानेंट शिफ्ट होने वाले लाखों वोटर्स के नाम कट सकते हैं। शिफ्ट होने वालों के नामों को लेकर विपक्ष भी लगातार सवाल उठा रहा है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में वोटर्स के नाम होंगे। इसके अलावा जिन वोटर्स के नाम पिछली एसआईआर में नहीं थे या जो बीएलओ को दस्तावेज नहीं दे पाए। उनके नाम अलग से मेंशन होंगे। ऐसे करीब 16 लाख वोटर्स हैं, जिन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का लिंक दिया जाएगा। उस लिंक पर क्लिक करके आप अपना नाम देख सकेंगे। एसआईआर के तहत 11 दिसंबर तक बीएलओ ने घर-घर जाकर फॉर्म बांटे थे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन का दावा है कि राजस्थान में 97% से ज्यादा वोटर्स को कोई दस्तावेज नहीं देने होंगे, क्योंकि इन वोटर्स की मैपिंग का काम पूरा हो चुका है। औसतन हर बूथ पर लगभग 30 वोटर्स ऐसे होंगे। जिन्हें दस्तावेज देने की आवश्यकता होगी। 5.48 करोड़ वोटर्स में से 16.46 लाख को दस्तावेज जमा करवाने हैं। केवल 3 प्रतिशत वोटर्स को ही दस्तावेज देने होंगे। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली जाएगी। 16 दिसंबर से नोटिस जारी कर सुनवाई और वेरिफिकेशन कर दावों और आपत्तियों का फैसला किया जाएगा।

## एक्टर विजय को ईरोड में जनसभा करने की परमिशन मिली

बढ़ता राजस्थान

**ईरोड।** पुलिस ने रविवार को टीवीके प्रमुख विजय की 18 दिसंबर को होने वाली इरोड जनसभा के लिए इजाजत दे दी है लेकिन इसके लिए 84 शर्तें लगाई हैं। पार्टी के मुख्य कोऑर्डिनेटर के सेंगोट्टियन ने पुलिस और राजस्व विभाग में याचिका दायर कर विजयामंगलम में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच विजय की मीटिंग करने की इजाजत मांगी थी। पुलिस ने आयोजकों से 84 मांगें पूरी करने को कहा। टीवीके प्रतिनिधियों के मंदिर अधिकारियों से मिलने के बाद, उन्होंने अपनी 16 एकड़ जमीन पर जनसभा के जरूरी एनओसी पुलिस को भेज दी। इससे पहले 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत और 60 से ज्यादा घायल हुए थे। इसके चलते उन्हें जनसभाएं करने से पहले परमिशन लेनी पड़ी।

## मनरेगा स्कीम की जगह लेगा विकसित भारत-जी राम जी : मोदी सरकार नया बिल ला रही; प्रियंका बोलीं- महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है। बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025' रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।

# वो लुटेरे हमसे क्या बात करेंगे : सीएम शर्मा

## कांग्रेसी खुद भ्रष्टाचार के जननायक है, इसकी नींव पर काम करने वाली पार्टी को बोलने का अधिकार नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस हॉस्पिटल परिसर में हुए राज्य स्तरीय आरोग्य शिविर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेसियों को लुटेरा बताया। उन्होंने कहा कि वो लुटेरे हमसे बात क्या करेंगे, जो भ्रष्टाचार के जननायक है। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने 2 साल के कार्यकाल और कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में हुए कामों का जिक्र किया।

### भ्रष्टाचार की नींव पर काम करने वाली पार्टी को बोलने का अधिकार नहीं

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की नींव पर काम करने वाली पार्टी को बोलने का अधिकार नहीं है।

### एक-दो लोग तो केवल बोलते ही बोलते हैं- भजनलाल

उन्होंने कांग्रेस के नेताओं पर हमला करते हुए कहा, कि एक-दो लोग तो ऐसे हैं जो केवल बोलते ही बोलते हैं। एक-दो ऐसे हैं जिनके पास कहने को तो कुछ नहीं होता, वो केवल ट्वीट करते हैं।




### कांग्रेस के समय मिली लूट की छूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान योजनाओं में जमकर गड़बड़ियां हुईं, जिनकी कीमत आमजन को चुकानी पड़ी। आरजीएचएस योजना में सामने आई अनियमितताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में निजी अस्पतालों को खुली लूट की छूट मिली हुई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने ऐसे हॉस्पिटलों और डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की है और आगे भी कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

**कांग्रेस के समय मिली लूट की छूट**-मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान योजनाओं में जमकर गड़बड़ियां हुईं, जिनकी कीमत आमजन को चुकानी पड़ी। आरजीएचएस योजना में सामने आई अनियमितताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में निजी अस्पतालों को खुली लूट की छूट मिली हुई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने ऐसे हॉस्पिटलों और डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की है और आगे भी कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

**हमारे कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं- सीएम** - युवाओं के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में युवाओं का भविष्य पेपर लीक की भेंट चढ़ता रहा, लेकिन भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। युवाओं को पारदर्शी भर्तियां और रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं.

## सीएम स्टालिन बोले- शाह तमिलनाडु को नहीं समझते

### वे पूरी संघी बटालियन लेकर आ जाएं, कुछ नहीं कर पाएंगे; गृहमंत्री ने चैलेंज दिया था

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को गृहमंत्री अमित शाह के चुनावी चैलेंज का जवाब दिया। स्टालिन ने तिरुवन्नामलाई में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शाह के अंदर अहंकार आ गया है। वे खुद के साथ-साथ पूरी संघी बटालियन को भी ले आएं तो भी यहां कुछ नहीं कर पाएंगे।

दरअसल स्टालिन ने गुजरात में 7 दिन पहले शाह के दिए बयान पर पलटवार किया है। तब अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में शाह ने कहा था कि वे ममता बनर्जी और स्टालिन जी (बंगाल और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री) को बताना चाहते हैं कि आगामी चुनाव में तैयार रहें। बिहार के बाद बंगाल और तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनेगी।

अगले साल विधानसभा चुनाव को देखते



हुए एमके स्टालिन रविवार को तिरुवन्नामलाई में डीएमके के युवा विंग के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। वर्तमान विधानसभा का पांच साल का कार्यकाल मई 2026 में समाप्त हो रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग मार्च के बाद चुनाव तारीखों का ऐलान कर सकता है।

### स्टालिन की स्पीच, 2 बड़ी बातें...

- स्टालिन ने कहा कि 2024 में केंद्र में तीसरी बार बीजेपी के सत्ता में आने के बाद वे और ज्यादा आक्राम हो गए हैं। वे झूठे वादे करते हैं। ऐसे अभियान का मुकाबला करने के लिए हमारी पार्टी को जोरदार तरीके से अभियान चलाना होगा और अपने सिद्धांतों का प्रचार करना होगा।
- न सिर्फ तमिलनाडु और तमिल भाषा की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। बल्कि पूरे भारत और उसकी बहुलता की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। पूरे भारत में, डीएमके एकमात्र राज्य-स्तरीय पार्टी है जो वैचारिक रूप से बीजेपी के खिलाफ लड़ रही है। वे हमारे किले को भेद नहीं सके।

## एक लाख रिश्वत लेने वाले डॉक्टर मनीष अग्रवाल को जमानत

### हाईकोर्ट की सिंगल बेंच से मिली राहत; 66 दिनों से जेल में

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में न्यूरोसर्जरी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनीष अग्रवाल को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। डॉ. अग्रवाल को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में 9 अक्टूबर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद डॉ. अग्रवाल को जेल भेजा गया था। डॉ. अग्रवाल 66 दिन से जेल में थे।

डॉ. अग्रवाल को ब्रेन कॉयल सप्लाई करने वाली कंपनी से रिश्वत लेने के मामले में ट्रेप किया था। कंपनी के 12.50 लाख रुपए के बिल पास करने की एवज में रिश्वत मांगी थी। डॉ. अग्रवाल के साथ ही सह आरोपी जगत सिंह तंवर को भी हाईकोर्ट से सोमवार को जमानत मिल गई है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने ये आदेश दिए हैं।

### 9 अक्टूबर को एसीबी ने किया था ट्रेप

9 अक्टूबर को एसीबी की कार्रवाई के दौरान रंगे हाथों पकड़े जाने से बचने के लिए डॉक्टर के एक कर्मचारी ने रिश्वत की रकम को एक प्लॉट में फेंक दिया था। एसीबी टीम ने सतर्कता से तुरंत पैसों को बरामद किया था।

## मध्य प्रदेश का मियाना स्टेशन बना ऊर्जा दक्षता का मॉडल, राष्ट्रपति से मिला राष्ट्रीय सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्य प्रदेश के गुना जिले स्थित मियाना रेलवे स्टेशन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया।

यह पुरस्कार रेलवे स्टेशन की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने ग्रहण किया। मियाना रेलवे स्टेशन को परिवहन श्रेणी (रेलवे स्टेशन) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाई के रूप में मान्यता दी गई है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह पुरस्कार ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता देता है। मियाना रेलवे स्टेशन को एलईडी लाइटिंग, बीएलडीसी पंखों तथा 30 से 70 प्रतिशत तक स्मार्ट लाइटिंग सर्किट संचालन प्रणालियों के प्रभावी उपयोग के लिए चुना गया है।

## सड़क किनारे के अवैध ढाबे हादसों की वजह : सुप्रीम कोर्ट

### पूछा- इसके लिए कौन जिम्मेदार, एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर बढ़ते एक्सीडेंट रोकने गाइडलाइन बनाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे के किनारे बने अवैध ढाबे और छोटे होटल सड़क हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि ढाबे बनने के लिए कौन जिम्मेदार है। साथ ही कहा सड़क हादसों को रोकने के लिए पूरे देश में लागू होने वाली गाइडलाइन बनाने पर विचार करेंगे। कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी में 2 नवंबर को हुए सड़क हादसे का जिक्र किया जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि ऐसे ढाबों पर कार्रवाई के लिए कौन-कौन से नियम



हैं और अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि अवैध ढाबे हटाने का नियम तो है, लेकिन यह जिम्मेदारी अक्सर जिला प्रशासन को दे दी जाती है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन उनके अधीन होते हैं, एनएचएआई के नहीं। इसी वजह से समस्या बनी रहती है।

### एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश का मुद्दा

कोर्ट ने कहा कि हर हाईवे या एक्सप्रेसवे पर सर्विस रोड नहीं होती, और बीच-बीच में अवैध ढाबे बन जाते हैं, जहां ज्यादा हादसे होते हैं। अदालत यह जानना चाहती है कि कानून के तहत किसकी जिम्मेदारी है कि ऐसे ढाबे न बनें। अदालत ने साफ किया कि यह किसी एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। इसलिए गाइडलाइन बनाकर कानून की कमियों को दूर किया जाएगा, ताकि फलोदी जैसे हादसे दोबारा न हों। इस मामले में वरिष्ठ वकील ए.एन.एस. नदकर्णी को एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) बनाया गया है। उन्होंने हाईवे पर अतिक्रमण दिखाने के लिए गूगल इमेज भी कोर्ट में दाखिल की हैं।

# युवा-संसद में छात्रा बोलीं-हमारा एजुकेशन-सिस्टम स्टूडेंट का मर्डर कर रहा

### छात्रा ने कहा-स्कूलों के टाइम टेबल में खेल का पीरियड ही नहीं, बच्चे खेलेंगे कैसे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को युवा संसद में कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं का मुद्दा छाया रहा। छात्रा फाल्गुनी यादव ने कहा- हमारे किशोर महाभारत के अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसे हैं। वे तनाव, डिप्रेशन से घिरे हैं, जिसके कारण भविष्य का निर्णय नहीं कर पा रहे हैं। हमारा एजुकेशन सिस्टम स्टूडेंट का मर्डर कर रहा है।

छात्र तपिश वैष्णव ने कहा- राजस्थान के कोचिंग सेंटर आत्महत्या फैक्ट्री के नाम से बदनाम होते ही जा रहे हैं। खुशी राजपुरोहित ने कहा- आज हमारे युवाओं की हालत यह है कि दो का पहाड़ा भले याद नहीं हो लेकिन फोन के पासवर्ड जरूर याद हैं। हमारे सिलेबस में चिंकी मिंकी की कहानी आ सकती है तो क्या तनाव प्रबंधन के उपाय भी आ सकते हैं।

### स्पीकर वासुदेव देवनानी ने युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा-

छात्रा प्रतीक्षा भंडारी ने कहा- योजनाएं आसमान में उड़ती रहती हैं और युवा जमीन पर खोजता रह जाता है। जब साबुन का विज्ञापन अखबार में सप्ताह में 4 बार आ सकता है तो करियर या शिक्षा से जुड़ी जानकारी क्यों नहीं दी जा सकती-युवा संसद में नेता प्रतिपक्ष का रोल निभा रही उदयपुर की छात्रा हिमानी ने कहा- स्कूल्स में खेलकूद को बढ़ावा देने के सरकार के




तमाम दावों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही है। स्कूलों के टाइम टेबल में खेलकूद का पीरियड ही नहीं है, बच्चों का शारीरिक विकास कैसे होगा? युवा संसद में प्रदेश के 41 जिलों से आए 164 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

**स्कूलों के टाइम टेबल में खेल का पीरियड ही नहीं, बच्चे खेलेंगे कैसे**-नेता प्रतिपक्ष का रोल निभा रही उदयपुर की छात्रा हिमानी ने कहा- राजस्थान कोचिंग हब है यह गर्व की बात है लेकिन गर्व तभी है जब तक हमारे बच्चों की जान सुरक्षित है। कोचिंग के दबाव के कारण बच्चों में एंग्जाइटी डिसऑर्डर बढ़ रहा है। बच्चा करियर चयन से पहले अपना डायरेक्शन ही खो रहा है। विपक्ष का काम केवल सवाल पूछना ही नहीं सुझाव देना भी है। स्कूलों में साइकोलॉजिस्ट और करियर परामर्शदाता नियुक्त किए जाने चाहिए। मानसिक हेल्थ के साथ शारीरिक सेहत पर भी ध्यान दिया जाए। स्कूल्स में खेलकूद को बढ़ावा देने के सरकार के तमाम दावों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

## पहलगाम हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गई थी

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले के 237 दिन बाद सोमवार को 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जम्मू में एनआईए स्पेशल कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में हमले की साजिश पाकिस्तान में रचे जाने के सबूत दिए गए। पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट समेत 7 आरोपी बनाए गए हैं। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक



लोकल की मौत हुई। एनआईए ने सबूत पेश करते हुए कहा कि इस हमले की साजिश पाकिस्तान से रची गई है। चार्जशीट की डिटेल्स अभी सामने नहीं आई हैं। चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर सजाद जट्ट का नाम भी है। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी को भी आरोपी बनाया है। इसी साल 22 अप्रैल को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार